● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 216, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 18 सितम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



कानून से नहीं सोच से बदलता है समाज: सीजेआई 5

बांग्लादेश के खिलाफ रोहित रच देंगे इतिहास 6

## स्वच्छता की पहली पाठशाला, हमारा घर : राज्यपाल

### पीएम मोदी के लिए जनता को सुविधाएं देना ही जन्म-दिवस की है सबसे बड़ी भेंट : डॉ. यादव

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि स्वच्छता की शुरूआत हमारे घर से होती है। स्वच्छता की पहली पाठशाला हमारा घर ही होता है। इसलिए बच्चों को स्वच्छता के संस्कार देने की शुरूआत अपने घर से ही करना होगा। हम सबको महात्मा गांधी जी से सीख लेते हुए स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल के मुख्य आतिथ्य तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024



और प्रदेश के 50 जिला चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश को स्वच्छता के क्षेत्र में प्राप्त पुरस्कारों पर केंद्रित प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान जन-गण-मन की धुन प्रस्तुत की गई। राज्यपाल श्री पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

राज्यपाल श्री पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वच्छता ही सेवा अभियान पर केंद्रित मध्यप्रदेश की फिल्म का लोकार्पण किया।कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा अभियान की रूपरेखा पर केन्द्र सरकार की लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। जिला चिकित्सालयों में आरंभ हो रहे प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। राज्यपाल श्री पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा प्ले कार्ड भेंट किये गये। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने सफाई मित्रों का सम्मान कर प्रोत्साहन राशि और स्वच्छता किट का वितरण किया। राज्यपाल श्री पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वच्छता सर्वेक्षण - 2023 में फाइव स्टार रेटिंग प्राप्त करने वाली भोपाल नगर निगम को 4 करोड़ रुपए की राशि सिंगल क्लिक से जारी की। यह राशि भोपाल नगर निगम के 8116 सफाई मित्रों को 5 - 5 हजार रुपये के मान से प्रोत्साहन स्वरूप दी जायेगी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय तथा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री वी.डी. शर्मा उपस्थित थे। राज्यपाल श्री पटेल ने इंदौर शहर को स्वच्छता में लगातार 7 वर्ष तक सिरमौर बने रहने पर बधाई दी। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए इंदौर के सफाई कर्मचारियों की अथक और सतत् मेहनत की सराहना की। राज्यपालन ने स्वच्छता की आदत और स्वच्छता गतिविधियों में इंदौरवासियों की उत्साहपूर्वक सहभागिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## केजरीवाल ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा

### आतिशी ने सरकार बनाने का दावा पेश किया

**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार शाम को उपराज्यपाल विनय सक्सेना को सीएम पद से इस्तीफा सौंप दिया। उनके साथ आतिशी और 4 मंत्री मौजूद रहे। इसके बाद आतिशी ने नई सरकार बनाने के लिए दावा पेश किया।

इस बीच, दिल्ली सरकार ने 26 और 27 सितंबर को 2 दिन का विधानसभा सत्र बुलाया है। सत्ता परिवर्तन पर भाजपा ने कहा कि मेकओवर ने आप के दाग नहीं छुपेंगे।

मंगलवार सुबह आप की विधायक दल की बैठक में केजरीवाल ने आतिशी को मुख्यमंत्री बनाए जाने का प्रस्ताव रखा था। इस पर विधायकों ने सहमति जताई।

उपराज्यपाल के दफ्तर से निकलने के बाद गोपाल राय ने कहा कि हमने आतिशी को नए



सीएम बनाने का दावा एलजी के सामने पेश किया। साथ ही उपराज्यपाल से शपथ ग्रहण की तारीख तय करने की भी मांग की है।

आतिशी ने कहा कि अगले चुनाव तक मेरे पास सिर्फ दो काम हैं। पहला- दिल्ली के लोगों की भाजपा के षड्यंत्र से रक्षा करना। दूसरा- केजरीवाल को फिर से सीएम बनाना। आतिशी ने कहा कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ केंद्र सरकार ने दुष्प्रचार किया, फर्जी आरोप लगाए। केंद्र ने अपनी सारी एजेंसीज को उनके पीछे छोड़ दिया। 6 महीने जेल में रखा। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें रिहा किया। कोर्ट ने केंद्र सरकार की तीखी टिप्पणी भी की। कोई और व्यक्ति होता तो वह तुरंत सीएम की कुर्सी पर बैठ गया होता। केजरीवाल ने कहा कि मैं दिल्ली की जनता का फैसला मानूंगा। ये हमारे लिए दुख का क्षण है।

## यूपी के 21 जिलों में बाढ़, 200 से ज्यादा गांव डूबे

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में 6 दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण 21 जिलों में बाढ़ आ गई है। 200 से ज्यादा गांव पानी में पूरी तरह से डूब गए हैं। पिछले 24 घंटे में 4 लोगों की मौत हो गई है।

वाराणसी में 85 घाट और 2 हजार छोटे-बड़े मंदिर गंगा में डूब गए। घाट किनारे बसी कॉलोनियों में पानी भर गया। 25 हजार लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है।

उधर, बिहार के आरा में भी गंगा उफान पर है। बक्सर में बाढ़ के कारण सड़कों पर 4 फीट तक पानी है। गया में भी 100 से ज्यादा घर डूब गए हैं।



हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के कुमारहट्टी में लैंडस्लाइड हुई। इसके कारण नेशनल हाईवे 5 बंद हो गया। राज्य में भारी बारिश के कारण 74 सड़कें बंद हैं।

13 राज्यों में अलर्ट, यूपी के 42 जिलों में बारिश का अनुमान मौसम विभाग ने मंगलवार को छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा, उत्तराखंड, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश के 21 जिलों में पहले ही बाढ़ आ चुकी है। यहां आज 42 जिलों में भारी बारिश का अनुमान है।

मौसम विभाग ने 18 सितंबर को राजस्थान, नगालैंड, मिजोरम, मणिपुर, त्रिपुरा, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने 18 सितंबर को हिमाचल के कई जिलों में बारिश के अलावा बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है।

## बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 1 अक्टूबर तक बुलडोजर एक्शन पर रोक लगा दी है। अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई तक देश में एक भी बुलडोजर कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। अदालत ने कहा कि हम स्पष्ट कर दें कि इस ऑर्डर में सड़कों, फुटपाथों, रेलवे लाइंस के अवैध अतिक्रमण नहीं शामिल हैं। केंद्र ने इस ऑर्डर पर सवाल उठाया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं के हाथ इस तरह नहीं बांधे जा सकते हैं।

## एमपी में फिर चलेंगी सरकारी बसें

**इंदौर।** प्रदेश में राज्य परिवहन निगम का संचालन दोबारा शुरू करने की मांग करते हुए मप्र हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ में एक जनहित याचिका दायर हुई है। मंगलवार को इसकी सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हाई कोर्ट में यह जनहित याचिका सेंधवा निवासी बीएल जैन ने एडवोकेट अभिषेक तुगनावत के माध्यम से दायर की है।

याचिका में कहा है कि जबसे राज्य परिवहन निगम प्रदेश में बंद हुआ है तबसे आम नागरिकों को यात्रा में कठिनाई हो रही है। आने-जाने के साधन नहीं होने से ग्रामीण क्षेत्रों में माल वाहनों में तीस-चालीस यात्री बैठ कर यात्रा करते हैं। इस कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। शासन का दायित्व है कि वह नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन जैसी मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए।

मप्र राज्य सड़क परिवहन निगम का गठन 1962 में किया गया था। इसका उद्देश्य यात्रियों को सस्ती एवं सुलभ आवागमन सुविधाएं उपलब्ध कराना और दूरस्थ एवं पिछड़े क्षेत्रों में पर्याप्त बस सेवा उपलब्ध कराना था। साल 2005 में इसे बंद कर दिया गया। शासन की अव्यवस्था का परिणाम आज आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है जबकि केरल, महाराष्ट्र में यह व्यवस्था जारी है। केरल में तो हर मार्ग पर लक्जरी बसें चल रही हैं। याचिका में सवाल उठाया है कि जब अन्य प्रदेशों में राज्य परिवहन निगम फायदे में चल रहे हैं तो मप्र राज्य परिवहन निगम को दोबारा शुरू क्यों नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ता के तर्क सुनने के बाद कोर्ट ने मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव परिवहन विभाग, प्रबंध संचालक मप्र सड़क परिवहन निगम और केंद्र शासन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

## राहुल के खिलाफ हेट स्पीच-खड़गे का पीएम को लेटर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन्हें बधाई दी। खड़गे ने पीएम को एक चिट्ठी भी लिखी है। इसमें राहुल गांधी के खिलाफ हेट स्पीच पर चिंता जताई। खड़गे ने कहा- भाजपा और सहयोगी दलों के नेताओं द्वारा लगातार राहुल गांधी के लिए बेहद आपत्तिजनक और हिंसक भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है। आपसे आग्रह है कि ऐसे नेताओं पर लगाम लगाएं।' दरअसल, पिछले हफ्ते एक भाजपा नेता, एक केंद्रीय मंत्री और एक शिवसेना विधायक ने राहुल गांधी के खिलाफ बयान दिया था।

## ममता सरकार ने पुलिस कमिश्नर को हटाया




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने कोलकाता के पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल को पद से हटा दिया है। उनकी जगह मनोज वर्मा लेंगे। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस को लेकर जूनियर डॉक्टरों ने पुलिस कमिश्नर समेत स्वास्थ्य विभाग के डायरेक्टर को हटाने की मांग की थी। स्वास्थ्य विभाग के भी 4 और अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है। मेडिकल एजुकेशन डायरेक्टर डॉ. कौस्तुव नायक को स्वास्थ्य-परिवार कल्याण का डायरेक्टर बनाया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं के डायरेक्टर डॉ. देबाशीष हलदर को पब्लिक हेल्थ का ओएसडी बनाया गया है। त्रिपुरारी अथर्व को डीईओ का डायरेक्टर चुना गया है। इसके अलावा 5 और पुलिस अधिकारियों के पद भी बदले गए हैं। जावेद शमीम एडीजी कानून व्यवस्था, विनीत गोयल एडीजी और आईजी स्पेशल टास्क फोर्स, ज्ञानवंत सिंह एडीजी और आईजी इंटेलीजेंस ब्यूरो, दीपक सरकार नॉर्थ कलेक्टर, अभिषेक गुप्ता सीओ ईएफआर सेकंड बटालियन का नाम शामिल है।

## महिला डॉक्टरों की सुरक्षा सरकार का काम : सुको

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार (17 सितंबर) को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने महिला डॉक्टरों की नाइट ड्यूटी खत्म करने के फैसले पर बंगाल सरकार को फटकार लगाई।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा कि आप कैसे कह सकते हैं कि महिलाएं रात में काम नहीं कर सकतीं? उन्हें कोई रियायत नहीं चाहिए। सरकार का काम उन्हें सुरक्षा



देना है। पायलट, सेना जैसे सभी प्रोफेशन में महिलाएं रात में काम करती हैं।

कोर्ट की फटकार पर सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने बंगाल सरकार की तरफ से कहा कि सरकार महिला डॉक्टरों की ड्यूटी 12 घंटे तक सीमित करने और नाइट ड्यूटी पर रोक लगाने वाले अपने फैसले वापस ले लेगी।

कोर्ट ने विकिपीडिया को मृत ट्रेनी डॉक्टर का नाम और तस्वीर हटाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि रेप पीड़ित की पहचान का खुलासा नहीं किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट 24 सितंबर को अगली सुनवाई करेगा।

सीजेआई बोले- अस्पतालों में 18-23 साल की डॉक्टर्स काम कर रहीं, वहां पुलिस होनी चाहिए सुप्रीम कोर्ट ने अस्पतालों में डॉक्टरों और अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए कॉन्ट्रैक्ट पर प्राइवेट एजेंसियों के सुरक्षाकर्मियों की नियुक्त पर भी सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि कॉन्ट्रैक्ट पर काम रहे लोगों को 7 दिन की ट्रेनिंग दी जाती है और वे पूरे अस्पताल में घूमते हैं। इनके जरिए सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जा सकती है।

कोर्ट ने कहा कि रेप-मर्डर मामले का मुख्य आरोपी भी एक सिविक वॉलंटियर ही है। बंगाल में 28 सरकारी अस्पताल हैं। वहां 18-23 साल की युवा डॉक्टर काम कर रही हैं। राज्य के 45 मेडिकल कॉलेजों में लड़कियां 12वीं कक्षा के बाद आती हैं। वे बहुत छोटी हैं। उनमें इंटर्न भी हैं। ऐसे में कॉन्ट्रैक्ट पर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती पूरी तरह से असुरक्षित है।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा की 24 सीटों पर आज वोटिंग

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के फर्स्ट फेज में कल 18 सितंबर को 7 जिलों की 24 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होगी। जिसमें 23.27 लाख वोटर्स शामिल होंगे।

फर्स्ट फेज की 24 में से 8 सीटें जम्मू डिवीजन और 16 सीटें कश्मीर घाटी में है। सबसे ज्यादा 7 सीटें अनंतनाग और सबसे कम 2-2 सीटें शोपियां और रामबन जिले की हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, पहले फेज में 219 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 9 महिलाएं और 92 निर्दलीय उम्मीदवार हैं। 110 कैंडिडेट्स करोड़पति हैं जबकि 36 पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं।

इस फेज में मुफ्ती परिवार का गढ़ रही बिजबेहरा सीट भी है। यहां पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। महबूबा और उनके पिता मुफ्ती मोहम्मद सईद सीएम रह चुके हैं। जम्मू-कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों पर 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन फेज में वोटिंग होगी। नतीजे 8 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।


## राहुल की मानसिकता जिन्ना जैसी: हरदीप पुरी

**वॉशिंगटन।** केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने मंगलवार को कहा- राहुल गांधी की मानसिकता पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना जैसी है। वे देश में अलगाववादी सोच को बढ़ाना चाहते हैं। देश को खून से लथपथ देखना चाहते हैं।

हरदीप पुरी मेरिका के वॉशिंगटन डीसी में हैं। पुरी ने कहा- राहुल ने भारत में रहते हुए कभी सिखों की बात नहीं की। जब वह सत्ता में थे, तब सिख डर में जीते थे। 1984 के दौरान सिखों को बसों से भी उतार दिया जाता था। सिख पगड़ी पहनने से भी डरते थे। राहुल ने पगड़ी-कड़ा पर सवाल उठाया था राहुल गांधी ने पिछले महीने तीन दिन की अमेरिका यात्रा के दौरान सिखों पर बयान दिया था। उन्होंने कहा था- भारत में लड़ाई इस बात की है कि क्या भारत में एक सिख को पगड़ी पहनने की इजाजत दी जाएगी, कड़ा पहनने की इजाजत दी जाएगी।

## पत्रकार बीमा योजना में बढ़े हुए प्रीमियम का भार राज्य सरकार उठाएगी : सीएम

### बीमा के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 25 सितम्बर तक



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पत्रकारों के हित में संचार प्रतिनिधियों के लिये स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना में बीमा कंपनी द्वारा बढ़ायी गयी प्रीमियम राशि का भार राज्य सरकार द्वारा वहन करने का निर्णय लिया है। साथ ही बीमा के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख भी 20 सितम्बर से बढ़ाकर 25 सितम्बर कर दी गयी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ, पत्रकार साथी दिन-रात एक करके विषम परिस्थितियों में देश और समाज की सेवा करते हैं। विभिन्न पत्रकार संगठनों द्वारा मेरे संज्ञान में लाया गया कि पत्रकार बीमा योजना में बीमा कंपनी द्वारा प्रीमियम में वृद्धि की गई है। अत: हमने निर्णय लिया है कि पत्रकार बीमा योजना में बीमा कंपनी द्वारा प्रीमियम की दरों में की गई वृद्धि का भार राज्य सरकार उठाएगी। योजना में शामिल होने वाले पत्रकारों से गत वर्षों की तरह ही प्रीमियम लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पत्रकारों बंधुओं के साथ हर कदम पर खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा के दौरान यह बात कही।

बीमा योजना की पूरी जानकारी एवं संशोधित प्रीमियम चार्ट जनसम्पर्क विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## इसी कार्यकाल में एक देश-एक चुनाव लागू करेंगे : शाह


**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को मोदी सरकार के 100 दिन का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। अमित शाह ने कहा कि सरकार के कार्यकाल के दौरान एक देश एक चुनाव लागू करने की योजना है। साथ ही मणिपुर में शांति के लिए वे मैतेई और कुकी दोनों समुदायों से बात कर रहे हैं।

शाह ने कहा- तीसरे कार्यकाल के 100 दिन में मोदी सरकार ने 15 लाख करोड़ की योजनाएं शुरू कीं, टैक्स राहत दी और किसानों के खाते में 3 लाख करोड़ रुपए पहुंचाए। आज देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा मजबूत है। इकोनॉमी सभी 14 पैमानों पर खरी उतरी है। आज इकोनॉमी में रीढ़ दिखाई देती है।

इस दौरान उन्होंने कहा- पीएम मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर यानी 15 दिन तक देशभर के सभी जरूरतमंदों की सेवा में हमारे जैसे लाखों कार्यकर्ता लगेंगे।

3 बार सरकार बनाने पर प्रधानमंत्री ने छोटे से गांव में जन्म लेकर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री बने। 10 साल में दुनियाभर से अलग-अलग राष्ट्रों ने अपने देश का सर्वोच्च सम्मान दिया। लगातार भारत के विकास, सुरक्षा और गरीबों को समर्पित सरकार चलाने के बाद तीसरी बार भाजपा को सरकार बनाने का जनादेश मिला। 60 साल बाद देश में राजनीतिक स्थिरता का माहौल आया है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा में पुरातन प्रणाली को समाहित कर नई शिक्षा नीति लाए हैं। मेक इन इंडिया आज पूरी दुनिया में उत्पादन का सबसे चहेता केंद्र है। डिजिटल इंडिया को दुनिया के कई देश



समझना चाहते हैं और अपनाना चाहते हैं। बैंकिंग के 13 पैरामीटर्स में हम आगे हैं। अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत का भविष्य उज्ज्वल है। विदेश नीति में रीढ की हड्डी दिखाई देती है।

उन्होंने कहा कि मणिपुर में शांति के लिए हम मैतेई और कुकी दोनों समुदायों से बात कर रहे हैं। हमने समस्या की जड़, भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का काम शुरू कर दिया है। 30 किलोमीटर तक काम पूरा हो चुका है। सरकार ने पूरी 1500 किलोमीटर बॉर्डर पर बाड़ लगाने का बजट मंजूर किया है। घुसपैठ रोकने भारत-म्यांमार के बीच हुए समझौते को रद्द कर दिया है। अब केवल वीजा के जरिए ही एंट्री हो सकती है।

उन्होंने कहा कि 10 साल में गरीबों को घर, शौचालय, गैस, पानी, बिजली, 5 किलो अनाज और 5 लाख तक की स्वास्थ्य सुविधाएं देने का काम किया है। अगली बार जब चुनाव में जाएंगे तो कोई व्यक्ति बिना घर का नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए 2 लाख करोड़ रुपए के पीएम पैकेज की घोषणा की गई है। 5 साल में 4 करोड़ 10 लाख युवाओं को लाभ मिलेगा। 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के मौके, भत्ते और एकमुश्त सहायता राशि दी जाएगी। केंद्र सरकार ने कई हजार नियुक्तियों का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि 100 दिन में 15 लाख करोड़ रुपए की योजनाएं शुरू की हैं। 14 स्तंभों में बांटा है। इन्फ्रास्ट्रक्चर में 3 लाख करोड़ की परियोजनाएं शुरू कीं। बधावन में मेगा पोर्ट बनेगा। वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट, पश्चिम बंगाल में बागडोगरा, बिहार में बिहटा एयरपोर्ट, अगत्ती मिनिकॉय में नई एयर स्ट्रिप बनाकर पर्यटन को बढ़ावा दिया गया है। बेंगलुरु मेट्रो, पुणे मेट्रो, ठाणे इंटीग्रेटेड रिंग मेट्रो और कई मेट्रो प्रोजेक्ट भी लॉन्च किए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 70वीं किश्त जारी की, 9.5 करोड़ किसानों को दी गई। खरीफ फसलों की एमएसपी बढ़ाई गई है। एमएसपी में यूपीए और कांग्रेस सरकारों से कई गुना वृद्धि मोदी सरकार ने की है।

# 30 घंटे से तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश

## नदी नाले उफान पर, जनजीवन अस्त व्यस्त, धान की फसल के लिए अमृत वर्षा, ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई बंद

### कई इलाकों में तेज हवा के चलते सड़कों पर गिरे पेड़



**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले में 30 घंटे से तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश हो रही है। नदी नाले उफान पर आ गए हैं और जनजीवन अस्त-व्यस्त होने लगा है। बधौरा चौकी क्षेत्र के सुखरा नाला में उफान से सरई तहसील का मुख्यालय से संपर्क टूट गया। करीब 4 घंटे तक यातायात बाधित रहा। वहीं अमिलिया नाला और गोपद पुल भी खतरे के निशान से ऊपर बह रहे थे। सुरक्षा के लिहाज से प्रशासन ने पुल से आवाजाही रोक दी।

गौरतलब है कि जिले में 30 घंटे से लगातार हो रही बारिश से नदी नाले उफान पर है सरई तहसील को मुख्यालय से जोड़ने वाली सुखरा नाला के ऊपर से करीब 4 घंटे तक लगातार पानी बहता रहा। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने आवागमन पर रोक लगा दी। वहीं मूसलाधार बारिश व तेज हवाओं के कारण ग्रामीण क्षेत्रों सहित शहरी क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई प्रभावित है। तेज हवाओं के चलते कई मुख्य मार्गों और प्रधानमंत्री सड़कों पर पेड़ गिर गए हैं वहीं जिला मुख्यालय बैढ़न के उत्कृष्ट विद्यालय के सामने सबसे पुराना पीपल भी तेज हवाओं के चलते धराशाई हो गया जो उत्कृष्ट विद्यालय के बिल्डिंग पर गिर गया है। इस घटना में कोई अनहोनी नहीं हुई है। लेकिन बिजली सप्लाई कारी 12 घंटे तक ठप्प रही। डीडीए आशीष पाण्डेय ने बताया कि दो दिनों में 1150 मिमी बारिश दर्ज की गई है जबकि आज 1318 मिमी बारिश दर्ज की गई है। यह बारिश धान की फसल के लिए अमृत वर्षा है लेकिन दलहन फसल की बौनी को प्रभावित कर सकता है। दलहन फसल को वहां नुकसान होगा जहां पानी रुकेगा।

### मुख्यालय से सरई तहसील से टूट गया संपर्क

मूसलाधार बारिश से सुखरा नाला उफान पर आ गई। इससे सरई तहसील से जोड़ने वाला रास्ता कई घंटों तक बाधित रहा और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालातों को देखते हुए बधौरा चौकी प्रभारी बीएल बंशल ने सुखरा नाला में पुलिस की तैनाती कर दी, ताकि कोई भी व्यक्ति अपने दोपहिया सहित अन्य वाहनों को नदी में डालकर पुल पार करने की कोशिश न करे। इस दौरान पल के दोनों तरफ गाड़ियों का लंबा काफिला बन गया।

### अब राहत नहीं बल्कि आफत बना बारिश का पानी

देखा जाए तो बीते दो दिन से जिले में अच्छी बारिश हो रही है। अब बारिश राहत के बजाय आफत बन गई है। गांव से लेकर शहर व खेत से लेकर घरों में सिर्फ पानी ही पानी नजर आ रहा है। जबकि तेज बारिश और हवाओं के चलते कई पेड़ पौधे गिरने से बिजली के तार टूट गए हैं। जिससे बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ठप्प हो गई है। लगातार हो रही बारिश में विश्वकर्मा पूजा प्रभावित हुआ, तो कही-कही लोग केवल औपचारिकता पूरी करने में लगे रहे।

# एनटीपीसी विंध्याचल की टीम प्रगति चक्र एवं रसायनम ने क्वालिटी कॉन्सेप्ट कन्वेंशन में किया स्वर्ण पदक हासिल

सिंगरौली




एनटीपीसी विंध्याचल की एलक्यूसी टीम प्रगति चक्र ने चैप्टर कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स (सीसीक्यूसी) 2024 में अपनी उत्कृष्ट केस स्टडी प्रस्तुति के लिए प्रतिष्ठित गोल्ड अवार्ड जीता है। क्यूएफसीआई दुर्गापुर चैप्टर द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम गुवाहाटी में हुआ, जहां प्रगति चक्र ने मूल्यांकनकर्ताओं को उनके अभिनव दृष्टिकोण और गुणवत्ता प्रबंधन में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता से प्रभावित किया। विवेक सिंह के नेतृत्व में प्रगति चक्र टीम में सदस्य राजेंद्र मीना, पवन कुमार, अजय कुमार गौतम और रवि भारंग शामिल रहे।

साथ ही एनटीपीसी विंध्याचल की एलक्यूसी टीम रसायनम को 8वें वार्षिक चैप्टर कन्वेंशन सीसीक्यूसी 2024 में हाई टर्बीडीटी प्रॉबलम ऑफ क्लेरिफाइड वॉटर एट पीटी प्लांट स्टेज-द्वद्व में अपनी उत्कृष्ट केस स्टडी प्रस्तुति के लिए प्रतिष्ठित गोल्ड अवार्ड से नवाजा गया। इसके अतिरिक्त एनक्यूसीसी 2024- कनिहा में पोस्टर प्रतियोगिता के लिए द्वितीय पुरस्कार तथा एसोसिएट वर्क्स के बीच गुणवत्ता पहल को बढ़ावा देने के लिए प्रथम रैंक एवं नॉलेज टेस्ट में भी प्रथम रैंक प्राप्त हुआ। श्री योगेश कुमार के नेतृत्व में रसायनम टीम में फेसिलिटेटर डॉ. विपिन कुमार उपाध्याय, सदस्य- डॉ. सुपर्णा पॉल, सुश्री काजल गजानन अंबेडकर और प्रदीप कुमार शाह शामिल रहे।इस सम्मेलन में उनकी सफलता सभी स्तरों पर गुणवत्ता सुधार और परिचालन उत्कृष्टता में एनटीपीसी विंध्याचल के समर्पण और सहयोगात्मक भावना को उजागर करती है।कार्यकरी निदेशक(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने टीम विंध्याचल को बधाई दी एवं विश्वास व्यक्त किया कि आगे भी सभी के संयुक्त प्रयासों से एनटीपीसी विंध्याचल भविष्य में हर क्षेत्र में और बेहतर प्रदर्शन कर नए आयाम स्थापित करती रहेगी।

# झुग्गी बस्तियों व विद्यालयो में मनाया गया प्रधानमंत्री का जन्म दिवस तथा सेवा पखवाड़े का हुआ शुभारंभ



**सिंगरौली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 74वां जन्मदिन बड़े धूमधाम के साथ विभिन्न झुग्गी बस्तियों व विद्यालयो में मनाया गया द्य यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन एवं भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुनील सिंह गहरवार के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में झुग्गी वासी बढ़ - चढ़ कर भाग लिए तथा प्रधान मंत्री के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ ईश्वर से दिर्घायु होने की प्रार्थना किये द्य वही भाजपा नेता विनोद दुबे के द्वारा हर्रई पूर्व विद्यालय मे जाकर बच्चो के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन मनाया गया।

भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक का समय सेवा पखवाड़े के रूप में मनाती हैं जिसमें जिसमे सेवा परमो धर्म- की भावना को अक्षरशः चरितार्थ करते हुवे पार्टी प्रधानमंत्री के गरीब कल्याण एवं शोषित वर्गों के उत्थान हेतु हेतु निरंतर सेवारत है। इस मौके पर जिला संयोजक के द्वारा प्रधानमंत्री के राष्ट्र प्रेम से जुड़ी हुई भावनाओं को व्यक्त किया गया जिसमें मुख्य रूप से स्वच्छता अभियान, स्कूल चलो अभियान के तहत सब की शिक्षा , आयुष्मान भारत के तहत सबसे स्वास्थ्य के लिए आयुष्मान कार्ड की जानकारी, तथा विभिन्न केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के बारे में भी लोगों को बताया गया तथा ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़ सकें इसकी पूरी रूपरेखा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।

## एनटीपीसी विंध्याचल में स्वच्छता ही सेवा के शुभारंभ अवसर पर शपथ एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**सिंगरौली।** भारत सरकार की महत्त्वकांक्षी योजना के तहत सम्पूर्ण भारत में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत दिनांक 17 सितंबर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वछता अभियान चलाया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना मे स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत आज 17 सितंबर को परियोजना के नगर अनुरक्षण परिसर में स्वच्छता शपथ एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दो सप्ताह तक चलने वाले इस स्वच्छता अभियान का मुख्य उदेश्य कर्मचारियों, हितधारकों एवं नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है।

# शगुन गार्डन के आसपास की कॉलोनी लबालब

## घर में घुस रहा पानी, परेशान रहवाशी, नगर निगम पर निकाल रहे गुस्सा



**सिंगरौली।** नगर पालिका निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 28 शगुन गार्डन के आसपास कॉलोनी के रहवासी काफी परेशान है। भारी बारिश के चलते घरो के चारों तरफ लबालब पानी भरा हुआ है निकलने के लिए रह वासियों को काफी परेशानी हो रही है। इसके बावजूद नगर निगम सिंगरौली के द्वारा कोई सुनवाई नहीं की जा रही है।

आलम यह है कि तकरीबन 3 दिन से रुक रुक कर रिमझिम बारिश हो रही थी लेकिन बीते सोमवार सर लगातार झमाझम बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही है। तेज हवाओं के साथ बारिश का आगाज हुआ है जिसके चलते जिला मुख्यालय बैढ़न के कई रहवासी इलाकों में पानी घुस चुका है। बताया जाता है कि बाढ़ क्रमांक 28 कचनी की स्थिति काफी खराब है जहां नाली का निर्माण नहीं होने से सड़क पर लबालब पानी भरा हुआ है। स्थानीय रहवासियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। यही हाल शगुन गार्डन के आसपास रहने वाले रह वासियों का भी बना हुआ है। सड़क के मुख्य मार्ग के आसपास आवास का निर्माण हो जाने के चलते पानी की निकासी पूरी तरीके से बंद हो गई है। शगुन गार्डन के पीछे रहने वाले लोगों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही है। उनके घरों में पानी घुस रहा है सड़क का निर्माण नहीं होने के चलते चलने में काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय रहवासियों ने बताया कि नगर निगम को टैक्स जमा करते हैं इसके बावजूद नाली और सड़क का निर्माण कार्य नहीं कराया गया। जिसके चलते बारिश के दिनों में आवागमन में काफी परेशानी उठानी पड़ती है फिर भी नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी उदासीन रवैया अपना रहे है।

# सीबीआई हेडक्वाटर के उप महानिरीक्षक ने एसपी को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

## पिछले माह सीबीआई की टीम ने एनसीएल में किया था रेड कार्रवाई, एसपी एवं सिंगरौली टीम का था प्रभावी सहयोग



**सिंगरौली।** एनसीएल मुख्यालय सिंगरौली सहित अंचल के अन्य क्षेत्रों में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, भारत सरकार की टीम ने पिछले माह 17 अगस्त को ताबड़तोड़ छापामार कार्रवाई किया था। जहां सीबीआई की इस कार्रवाई में सिंगरौली पुलिस टीम के साथ-साथ एसपी निवेदिता गुप्ता ने समन्वयक स्थापित कर प्रभावी जांच करने एवं सहयोग कर प्रभावी कार्यवाही कराने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक-2, नई दिल्ली पुलिस उप. महानिरीक्षक अतुल कुमार ठाकुर ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

सीबीआई हेड क्वाटर नई दिल्ली के पुलिस उप महानिरीक्षक अतुल कुमार ठाकुर ने सिंगरौली एसपी निवेदिता गुप्ता को प्रशस्ति पत्र देते हुये उल्लेख किया है कि मैं इस शाखा के मामले आरसी 2172024 ए 0012 17 अगस्त के तहत पीसी अधिनियम 1988 जैसा कि 2018 में संशोधित की धारा 7, 7 ए और 8 सिंगरौली में जांच के दौरान आपके द्वारा प्रदर्शित सराहनीय कार्य नीति, व्यावसायिकता और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए अपनी प्रशंसा दर्ज करना चाहता हूँ। तलाशी प्रभावी तरीके से की गई और मामले से संबंधित महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए गए। प्रशस्ति पत्र में एसपी एवं उनकी टीम की तारीफ व सराहना करते हुये कहा है कि आपके और आपकी टीम द्वारा की गई कार्रवाई से एक संवेदनशील जालसाजी मामले में प्रभावी जांच हुई है। स्थानीय अधिकारियों के साथ आपका समन्वयक और सीबीआई टीम को दिया गया सहयोग ऑपरेशन की सफलता के लिए महत्वपूर्ण था। उप महानिरीक्षक ने एसपी के द्वारा किए गए पेशेवर काम की सराहना किया और अंत में कहा कि मुझे यकीन है कि आप भविष्य में भी उसी जोश और उत्साह के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे और कड़ी मेहनत की इसी भावना को बनाए रखेंगे। उन्होंने पुलिस टीम को भविष्य में एसपी के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी है।

# एसपी के आदेश पर भारी आरक्षक,सरई थाने में बार-बार होती है पोस्टिंग




**सिंगरौली।** इसे रसूख कहा जाए या जुगाड़ या कुछ और। सरई थाने में कई वर्षों से एक आरक्षक एक दो महीने में घूम फिर के अपनी पोस्टिंग करा लेता हैं, जबकि नियम कहता है कि तीन साल से अधिक कोई भी सिपाही, एसआई,टीआई या फिर कोई भी पुलिस कर्मी एक ही थाने पर नहीं रह सकता है। आइजी ने भी ऐसे सिपाहियों की पहचान कर उन्हें स्थानांतरित करने के निर्देश एसपी को दिए थे। इसके बावजूद खद्दरधारियों के कृपा पात्र होने के चलते ऐसे सिपाहियों को अधिकारी हटाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। गौरतलब है कि की वर्षों से आरक्षक ओम प्रकाश शर्मा सरई थाना पर डेरा जमाए हुए हैं। कई बार तबादला होने के बाद भी यह एक दो महीने में सरई थाना में अपनी तैनाती करा लें रहा है। विभागीय सूत्रों की मानें तो सिपाही ओमप्रकाश का कई बार तबादला हो चुका है। लेकिन जुगाड़ से तबादला रुकवा लिया जाता है। हाल ही में रीवा जोन के आइजी महेंद्र सिकरवार ने ऐसे सिपाहियों को तत्काल थाने से हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद भी सिपाही डटे हुए हैं।

पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के थाना चौकियों में पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण तो किया था लेकिन कुछ दिनों में ही पुलिस कर्मी रसूख या जुगाड़ से अपने पसंदीदा स्थान पर पोस्टिंग करा लिए । जिससे चर्चा है की एसपी के आदेश पर आरक्षक भारी है। इन दिनों सरई थाने में पदस्थ आरक्षक की चर्चा जोरों पर है सूत्र बताते है की आरक्षक को सरई में ही रहना पसंद हैं। पूर्व में भी तिनगुड़ी चौकी के लिए आदेश हुआ था लेकिन आरक्षक सरई थाना में काम किया।

# डीपीएस स्कूल प्रबंधन की तानाशाही, शिक्षक ने मांगा ओहदा तो मिला निलंबन

**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले में चर्चित स्कूल डीपीएस विंध्यनगर के शिक्षक राघवेंद्र कुमार द्विवेदी को डीपीएस के प्राचार्य जनार्दन पांडेय ने शिक्षक द्वारा ओहदा मांगने पर निलंबन की कार्रवाई की है जिसे लेकर हर तरफ चर्चाओं का बाजार गर्म है।

विंध्यनगर स्थित सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित डीपीएस विद्यालय स्थापित है जिसमें वर्तमान प्राचार्य के रूप में जनार्दन पांडेय हैं जनार्दन पांडेय ने अपने चहेते शिक्षक को डिग्री ना होते हुए भी शिक्षक नवीन कुमार सिंहा टीजीटी को पीजीटी फिजिक्स लेक्चरर बना दिये और तो और जो शिक्षक पीजीटी फिजिक्स के लेक्चरर के लिए चयनित किया गया था उसे टीजीटी के पद पर कार्य करवाया जा रहा था जिसके बारे में जानकारी मांगने पर राघवेंद्र प्रसाद द्विवेदी पीजीटी फिजिक्स को पद से हटा दिया गया।राघवेंद्र द्विवेदी ने आरोप लगाते हुए कहा की नवीन कुमार सिंहा 1996 में योग्यता एमएससी फिजिक्स बीएड के आधार पर टीजीटी फिजिक्स के पद पर चयनित किए गए पुनः 1 वर्ष के भीतर 1997 उन्हें पीजीटी के पद पर चयनित कर लिया गया इस दौरान विद्यालय के प्रचार पद पर जामेश्वर मोहंती पदस्थ थे जिनका कार्यकाल अप्रैल 2009 तक जारी रहा किंतु मुझे 2001 में पीजीटी की चयन प्रक्रिया के आधार पर टीजीटी फिजिक्स का पद प्रदान किया गया 2008 में पीजीटी पद पर चयन होने के बाद भी मुझे पद प्रदान नहीं किया गया स्कूल में कार्य करते हुए उत्पीड़न व भेदभाव का सामना किया स्कूल में आने को शिक्षकों के दस्तावेज अमान्य व फर्जी होने की जानकारी मुझे लगी तब 2010 से मैं लगातार सभी पदाधिकारी को अनेकों शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई तब मैंने एमपी हाई कोर्ट में या इसका डालकर निराकरण के आधार पर सीबीएसई ने 2016 में जांच कर शिक्षकों के दस्तावेजों का सत्यापन न होने पर शीघ्र सत्यापन करवाने निर्देश किया गया किंतु सत्यापन में जानबूझकर देरी करके कोई कार्यवाही नहीं की गई। कोई दिनों बाद आवेदन की जांच रिपोर्ट के आधार पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रचार जनार्दन पांडेय के द्वारा जांच समिति को प्रस्तुत जानकारी के द्वारा कार्यरत शिक्षक नवीन कुमार सिंह की बीएड डिग्री का प्राचार्य द्वारा सत्यापन करने पर प्राप्त हुई सत्यापन रिपोर्ट को संलग्न किया गया इसमें पदाधिकारी द्वारा विश्वविद्यालय के लोक सूचना अधिकारी को जानकारी दी गई।

# अदाणी फाउंडेशन के कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का हुआ उद्घाटन

## ग्रामीणों में हर्ष, पारिवारिक आय बढ़ने की उम्मीद, दिख रहा बेहतर भविष्य



**सिंगरौली।** अदाणी फाउंडेशन द्वारा गोंडबहेरा उज्जैनी परियोजना अन्तर्गत तिलवा गांव में सामाजिक सरोकार के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। अदाणी कौशल विकास केंद्र की मदद से शुरू किए गए इस प्रशिक्षण केंद्र में स्थानीय जरूरतमंद महिलाओं और युवाओं को हुनरमंद बनाया जाएगा ताकि वो आत्मनिर्भर बन सकें और सामाजिक विकास में अपना योगदान दे सकें। इसके तहत प्रथम बैच में 30 युवाओं को कुशल प्रशिक्षक के नेतृत्व में तीन महीने की डेटा एंट्री ऑपरेटर की निःशुल्क ट्रेनिंग दी जाएगी, जबकि 30 महिलाओं और किशोरियों को हुनरमंद बनाने और रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से स्वरोजगार का प्रशिक्षण दिया जाएगा।प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन के दौरान ग्राम पंचायत उज्जैनी के सरपंच शंकर प्रजापति ने अदाणी फाउंडेशन के सामुदायिक विकास के प्रति समर्पित प्रयासों की सराहना की। उन्होंने जोर देकर कहा, ऐसी पहल स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने में काफी महत्वपूर्ण है। गोंडबहेरा उज्जैनी परियोजना के साइट हेड कटला सुधीर ने कहा, अदाणी फाउंडेशन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सतत आजीविका और ग्रामीण बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में सामुदायिक विकास के लिए कई पहल किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के दौरान साइट सीएसआर प्रभारी शोभित प्रताप सिंह, ट्रेनर अर्पित द्विवेदी, आरती, साकेत, सुरेश कुमार, राजेश कुमार, ललिता पनिका, मालती पनिका, सीमा सिंह, आरती पनिका और गुड्डी पनिका की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।निःशुल्क स्वरोजगार दर्जी का प्रशिक्षण केंद्र खुलने से ग्रामीणों में काफी खुशी है और वो मानते हैं कि प्रशिक्षित महिलाओं और किशोरियों को किसी सिलाई उद्योग में नौकरी मिल सकती है या फिर खुद की सिलाई मशीन से पारिवारिक आय को बढ़ा सकती हैं और अपना भविष्य बेहतर कर सकती हैं। प्रशिक्षण के दौरान लाभार्थियों को सलवार, पेटीकोट, समीज, कुर्ती, पैंट, मैक्सी, बच्चों का ड्रेस, कुर्ता, पायजामा और शर्ट तैयार करने के लिए विशेष तौर पर प्रशिक्षित किया जाएगा। वहीं, ग्रामीण युवाओं को माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल, माइक्रोसॉफ्ट वर्ड आदि जैसे डेटा एंट्री ऑपरेटर की मूल बातें सिखाई जाएगी, ताकि वे तकनीकी रूप से दक्ष हो सकें।उल्लेखनीय है कि हाल ही में अदाणी फाउंडेशन द्वारा गोंडबहेरा उज्जैनी परियोजना के देवरा गांव में 22 युवाओं को डेटा एंट्री ऑपरेटर जैसा बुनियादी कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है, जबकि 20 स्थानीय महिलाएं रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं। जल्द ही अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेन्टर के द्वारा गोंडबहेरा उज्जैनी परियोजना के आसपास के अन्य गांवों उज्जैनी, तलवा, मझौली एवं तीनगुड़ी में भी बारी-बारी से स्थानीय जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई का हुनर सिखाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।

अदाणी फाउंडेशन द्वारा इस क्षेत्र में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्वरोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षण से सम्बन्धित कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिसका स्थानीय ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया जा रहा है।

# स्वच्छता ही स्वस्थ रहने की कुंजी है : प्रभारी मंत्री

## प्रभारी मंत्री ने सफाई मित्रों का किया सम्मान



**सीधी।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के शुभारंभ के अवसर पर जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल के मुख्य अतिथ्य में अटल ऑडीटोरियम हाल सीधी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भोपाल से राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नव निर्मित आवासों का वर्चुअल गृहप्रवेश कराया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री स्वनिधि अंतर्गत निकायों एवं बैंकर्स को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेज आवार्ड का वितरण किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी 50 जिला चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्रों का लोकार्पण भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने जिले वासियों को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी तथा देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिवस की बधाई और भुभकामनाएं दीं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 10 वर्ष पूर्व जो स्वच्छता की अलख जगाई थी उसका मूर्तरूप हमें दिखाई देने लगा है। देश के स्वतंत्रता के 100वीं वर्षगांठ तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प पूरा करने में स्वच्छता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। प्रधानमंत्री जी ने गतमाह कुंभ में सफाई कर्मियों के पैरों को धोकर उनका सम्मान किया था। सफाई मित्र हमारे आस-पास की गंदगी को साफ करके हमारे स्वास्थ्य का ध्यान रखते हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ रहने की कुंजी है। स्वच्छता को हमें अपने स्वभाव और संस्कार में उतारने की आवश्यकता है।

प्रभारी मंत्री ने सभी से सच्चे भाव के साथ स्वच्छता अभियान से जुड़ने की अपील की। उन्होने कहा कि 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। उन सभी अभियानों में सहभागिता करें। अपने परिवेश को, विद्यालय, महाविद्यालय, चिकित्सालय सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में श्रम दान करें। अपने आसपास गंदगी से भरे स्थानों को चिन्हांकित करें तथा उन्हें सुन्दर और आकर्षक बनायें। घर में भी गीले और सूखे कचरें को अलग-अलग रखें तथा उसे नगर पालिका में कचरें वाले गाड़ी में ही डालें।

सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि स्वच्छ और सुंदर सीधी का सपना जिलेवासियों के सहयोग से ही पूरा होगा। स्वच्छता अभियान में पिछले 7 वर्षों से लगातार प्रथम स्थान पर रहकर इंदौर ने जो प्रेरणा दी है उसे हम सीधी में करके दिखायेंगे। इस अभियान में सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक होगी। सांसद ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ नये आवास बनाने के लिए बजट में आवंटन किया है। हर गरीब के पक्के आवास का सपना जल्द ही पूरा होगा।

विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि देश यशस्वी प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है जिसमें मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहा है। प्रदेश की डबल इंजन की सरकार विकास के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है। विधायक सीधी ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के जानकारी देते हुए भारत माता को स्वर्णिम रूप देने के लिए सभी से मिलकर काम करने की अपील की।

विधायक धौहनी श्री कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न अंग है प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि मिली है। लोग स्वच्छता को लेकर जागरूक हुए हैं धौहनी विधायक ने कहा कि बारिश के मौसम में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। स्वच्छता को अपने स्वभाव में लायें, अपने परिवेश को स्वच्छ रखें तथा दूसरों को भी प्रेरित करें।

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने सफाई मित्रों का शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। उन्होने उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत जिले में 869 बैगा हितग्राहियों का गृहप्रवेश हुआ। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 800 घरों में गृहप्रवेश कराया गया। साथ ही जिले के 4665 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रथम किस्त का अंतरण किया गया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत 121 हितग्राहियों का गृहप्रवेश कराया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बघवारी तथा पनवार चैहानन टोला को दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार की शील्ड प्रदान की गई।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में विधायक सिहावल श्री विश्वामित्र पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, जनपद अध्यक्ष सीधी श्री धर्मेन्द्र सिंह परिहार, भाजपा अध्यक्ष श्री देवकुमार सिंह चैहान सहित जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। साथ ही कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमान राज, अपर कलेक्टर श्री राजेश शाही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविन्द श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं हितग्राही उपस्थित रहें।

# प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का हुआ उद्घाटन कार्यक्रम



**सीधी।** प्रधानमंत्री जन औषधि का कार्यक्रम जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल, लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं रेड क्रॉस के चेयरमैन डॉ राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, धौहनी विधायक कुँवर सिंह टेकाम, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक शरदेन्दु तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य इंद्र शरण सिंह चौहान, के के तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू राम जी सिंह, कलेक्टर स्वरोचित सोमवंशी, एसपी डॉक्टर रवींद्र वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती सुनीता तिवारी एवं जिले के प्रशासनिक अम्ले के साथ-साथ भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे। औषधि केंद्र के उद्घाटन के पूर्व रेड क्रॉस द्वारा आयोजित रक्तदान आयोजित हुआ, जिसमें दर्जनों कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम का संचालन जन औषधि केंद्र के संचालक लाइसेंसी सुरेंद्रमणी दुबे एवं स्वागत भाषण सचिव कृष्णकांत द्विवेदी ने किया। आभार प्रदर्शन सिविल सर्जन डॉक्टर दीपा रानी इसरानी ने किया।

## प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर युवा मोर्चा ने किया रक्तदान



भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर रक्तदान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव पर सेवा पखवाड़ा के प्रथम दिन युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में उपाध्यक्ष डॉ विक्रम सिंह प्रमोद द्विवेदी, संदीप सिंह और अन्य साथियों के साथ रक्तदान किया । युवा मोर्चा अध्यक्ष निशांत मिश्र सहित सैकडो पार्टी पदाधिकारी समिल्लित हुए ।

# गाँधी विद्यालय के छात्र छात्राओं का सम्भाग स्तरीय शतरंज बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हुआ चयन



**सीधी।** सीधी जिला के उत्कृष्ट विद्यालय में शतरंज बास्केटबॉल जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमे गांधी विद्यालय के कई खिलाड़ियों ने शतरंज बास्केटबॉल में हिस्सा लिया और इनका चयन सम्भाग स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में हुआ शतरंज बालिका मिनी, साक्षी पांडे हनी केसरी नियति पांडे तनवी गुप्ता, शतरंज बालिका जूनियर, अनुष्का मिश्रा वैष्णवी सोनी अंशिका तिवारी शतरंज बालक मिनी अभिनव पाठक हरिओम पांडे आरुष सिंह कुलदीप सिंह शतरंज बालक जूनियर सार्थक सिंह आराध्य सिंह, बास्केटबॉल बालक मिनी आदित्य वर्धन सिंह सुशांत सिंह चंदन सिंह आदित्य राज सिंह बास्केटबॉल बालक जूनियर अभिनव सिंह कार्तिक तिवारी इन सभी खिलाड़ी सम्भाग स्तरीय शतरंज बास्केटबॉल प्रतियोगिता में चयनित हुये। इसका अयोजन सतना जिले में दिनांक 20 सितम्बर से 21 सितम्बर तक किया जाएगा। इन सभी खिलाड़ियों को विद्यालय के प्रबंधक फादर थोमस तेलेकाट प्राचार्या सिस्टर लिन्सी, वाईस प्राचार्या सिस्टर हेलेना माननीय जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रेमलाल मिश्रा जिला क्रीड़ा अधिकारी हरिशंकर पांडे ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी, दिलीप वर्मा पीटीआई किर्ती सिंह, मोहम्मद अशरफ, आर बी सिंह, नुरु स्लाम मंडलिक मिश्रा खेल युवा कल्याण विभाग खेल प्रशिक्षक मनिन्द खान माखन, मिश्र सूरज शुक्ला रोशन जायसवाल गाँधी विद्यालय के पी.टी.आई. मो0 मामून अन्सारी, पी.टी.आई. हेलेन तिर्की एवं विद्यालय के समस्त परिवार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

## राहुल गांधी के लिए अमर्यादित टिप्पणी करने पर केंद्रीय मंत्री के खिलाफ कांग्रेस ने दर्ज कराई एफआईआर

**सीधी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध अनर्गल बयानबाजी करने वाले केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, उप्र सरकार में मंत्री रघुराज सिंह एवं शिंदे गुट के विधायक संजय गायकवाड के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व में उपाध्यक्ष विनोद वर्मा वरिष्ठ पार्षद विनोद मिश्रा महामंत्री नवीन सिंह महामंत्री भूपेंद्र सिंह महामंत्री ओंकार सिंह महामंत्री मनोज सिंह प्रवक्ता आकाश राज पाण्डेय रामकुमार सिंह एवं अखिलेश सिंह सहित कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सीधी के सिटी कोतवाली में पहुंच कर शिकायत दर्ज करवा कार्यवाही की मांग की।

# सपा कार्यालय में मनाया गया भगवान विश्वकर्मा जयंती



**सीधी।** भगवान विश्वकर्मा की जयंती समारोह का कार्यक्रम माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार हर प्रदेश के सभी जिलो के कार्यालय में भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाई जाएगी ।

माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव के आदेशानुसार प्रदेश महासचिव राम प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में सपा कार्यालय सीधी में भगवान विश्वकर्मा जी की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया इसके पश्चात समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारी प्रदेश महासचिव राम प्रताप सिंह यादव प्रदेश सचिव श्रवण कुमार विश्वकर्मा प्रदेश सचिव धर्मेंद्र सिंह बघेल नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह पटेल शहर अध्यक्ष समर बहादुर का भव्य स्वागत समारोह का कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम के पश्चात रामलाल विश्वकर्मा मनोज यादव राकेश सिंह सहित कार्यकर्ताओं ने सदस्य ग्रहण किया विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे रामप्रताप सिंह यादव श्रवण कुमार विश्वकर्मा धर्मेंद्र सिंह बघेल राजेंद्र सिंह पटेल समर बहादुर दिनेश सिंह यादव राजेश साकेत मनोज यादव राकेश यादव राजपति सहित प्रमुख रूप से उपस्थित रहे इसके पश्चात पत्रकार वार्ता कर सीधी जिले के विभिन्न जन समस्याओं पर पत्रकार बांधों को बताते हुए राम प्रताप सिंह के द्वारा कहा गया कि समाजवादी पार्टी देश की तीसरी पार्टी के रूप में उभरी है और जल्द से जल्द मध्य प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी का परचम लहराएगा मध्य प्रदेश में भी समाजवादी ही होगी तीसरा विकल्प सदस्यता अभियान जोरों से ब्लॉक गांव बाढ़ स्तर पर भी चलाया जाएगा समाजवादी पार्टी जल्द ही जिले की जन समस्याओं को लेकर शासन प्रशासन को समस्याओं की ओर ध्यान अंकित करने का काम करेगी।

# जिला चिकित्सालय को निजी हाथों में सौंपना गरीबों के साथ विश्वासघात : ज्ञान सिंह

**सीधी।** प्रदेश के 10 जिला अस्पताल सीधी कटनी, मुरैना, पन्ना, बालाघाट, भिंड, धार, खरगोन, टीकमगढ़ और बैतुल को निजी में सौंपा जा रहा है। जिसका विरोध करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि जनता को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की जिम्मेदारी और कर्तव्य है। खासकर सीधी जो सबसे अधिक पिछड़े जिलों की सूची में शामिल हैं यहाँ की लगभग आधी आबादी अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की है और आर्थिक रूप से भारी असमानता और गरीबी है ऐसे में जिला अस्पताल ही उनके इलाज का एक मात्र विकल्प है। और गरीब जनता से उनका यह अधिकार भी छीन कर निजी हाथों में सौंपना सीधी की जनता के साथ विश्वासघात है।

जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने आगे कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि देश प्रदेश की सत्ता की चाबी उद्योगपतियों के हाथ में है भाजपा सरकार उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रही। जिले के गरीबों को स्वास्थ्य की निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की जवाबदारी है लेकिन अब वहीं भाजपा सरकार अस्पताल स्वास्थ्य केंद्रों को बेचने में लगी हुई आखिर अब गरीब अपने इलाज के लिए कहा जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने भाजपा सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द से जल्द अपने इस निर्णय को सरकार वापस ले अन्यथा कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने को विवश होगी और निजी हाथों में अस्पताल की व्यवस्था को नहीं जाने देगी इसके लिए चाहे जो कदम कांग्रेस को उठाना पड़े।

# हवा और भारी बारिश के कारण बस के ऊपर गिरा खंभा-बोर्ड



**सीधी।** 2 दिन से लगातार प्रदेश सहित पूरे जिले में हाई अलर्ट जारी है और सीधी जिले के हर जगह भारी-बारिश तेज हवा चल रही है जहां प्रिया बस मायापुर से सीधी की तरफ जा रही थी बहरी तिराहे पर खड़ी हुई तभी लगभग 9ः00 बजे के आसपास वहां पर अभ्यारण के खंभा गिरकर बस के ऊपर लटक गए भारी बारिश के कारण भीड़भाड़ एवं लोग नहीं थे जिस किसी भी तरह का नुकसान नहीं होगा और ना किसी को हानि पहुंची है बस को नुकसान हुआ है जिसकी सूचना ग्राम पंचायत सरपंच थाना प्रभारी बहरी एवं एसडीएम को दी गई तत्काल बहरी पुलिस एवं ग्राम पंचायत सरपंच एवं आम जन की मदद से हाइड्रा के माध्यम से अभ्यारण के लगे हुए खंभे और बोर्ड को वहां से हटाया गया खंभा गिरने की वजह खंभे में जंग लगना बताया जा रहा है और वहां पर देखने से भी ऐसा प्रतीत होता है कि खंभे का निचला हिस्सा पूर्ण रूप से जंग लग चुका था जब इस संबंध में ग्राम पंचायत बहरी के सरपंच अनुज साहू से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि पिछले दो वर्षों से इसके संबंध में हमारे द्वारा विभाग को जानकारी दी जा रही थी कि खंभे के निचले हिस्से में जंग लग चुके हैं कभी भी कोई भी हादसा हो सकता है लेकिन उसमें कोई ध्यान नहीं दिए जिसका परिणाम आज देखने को मिला भगवान का सूकर है कि किसी भी तरह से कोई भी हादसा नहीं हुआ सब सुरक्षित रहे अगर कहीं कोई हादसा हो गया होता तो इसकी जवाबदारी किसकी होती आए दिन इस तरीके की लापरवाही प्रशासन की देखने को मिलती है।

# अगले बरस तू जल्दी आना के जयघोष के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

## देर रात तक निकली गणेश प्रतिमाओं की विसर्जन यात्रा



**सीधी।** जिले भर में आज गणेश चतुर्थी पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन गणपति बप्पा मोर्या, अगले बरस तू जल्दी आना के जयघोष के साथ किया गया। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम के साथ गणेश प्रतिमाओं की विसर्जन यात्रा निकाली गई। इस दौरान शामिल युवा श्रद्धालु एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाते हुए घंटो डीजे की धुन देवा ओ देवा गणपति देवा, तुमसे बढ़कर कौन पर थिरकते रहे। इससे पूर्व स्थापित की गई गणेश प्रतिमाओं की वैदिक मंत्रोचार के बीच श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। शहर में सुबह करीब 11 बजे से गणेश प्रतिमाओं की विसर्जन यात्रा शुरू हो गई थी जो देर रात तक चलती रही। बाजार क्षेत्र में सोनांचल बस स्टैण्ड, पुरानी गल्ला मंडी गांधी चौक पार्किंग स्टैंड ,सर्राफा बाजार, पटेलपुल, गोपालदास मार्ग, स्टेडियम मार्ग, करौदिया उत्तर, पड़ैनिया, पुरानी सीधी मड़रिया, कलेक्ट्रेट चौक के समीप पुलिस लाइन क्षेत्र आदि में स्थपित की गई गणेश प्रतिमाओं को 10 दिन बाद विसर्जन किया गया। शहर में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन यात्रा के दौरान भक्तगण पूरी तरह से ढोल, नगाड़ो एवं डीजे में बज रहे भक्ति गीतों पर जमकर डांस किया। अनंत चर्तुदशी पर आज गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान कई भक्त काफी भावुक भी नजर आए। इस दौरान पुलिस की कड़ी चौकसी जलाशयों एवं नदियों के तटों पर रही। शहर में गोपाल दास बांध,सोन नदी गऊघाट,कोलदहा घाट, जोगदहा घाट, भंवरसेन घाट ,गोपद नदी, महान नदी तटों में पुलिस की चौकसी रही।

### 10 दिन भगवान की आराधना में व्यस्त रहे भक्त

भक्तों का कहना था कि गणेश प्रतिमाओं की स्थापना कर 10 दिनों तक उनकी आराधना में वक्त गुजरा। अब गणपति प्रतिमाओं से बिछड़ने का समय आने पर काफी मायूसी हो रही है। बताते चले कि गणेश प्रतिमाओं की स्थापना शहरी क्षेत्र के साथ अब कस्बाई एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी होती है। भक्तगण गणेश प्रतिमाओं की स्थापना काफी आस्था के साथ करते हैं। उनकी दिनचर्या में दिन-रात गणेश जी की भक्ति शामिल रहती है।

### नपा के कुंड में प्रवाहित की गई प्रतिमाएं

सुरक्षा के लिहाज से शहर के उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था नगर पालिका परिषद सीधी द्वारा इस बार भी की गई थी। मैदान में पानी से भरा अस्थाई कुंड बनाया गया था। जिसमें गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने आकर किया।

### नदी तटों पर थे सुरक्षा के इंतजाम

वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित की गई गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन समीपी पवित्र नदियों एवं जलाशयों में किया गया। गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के चलते पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। शहरी क्षेत्र में पुलिस की गस्त सुबह से ही चल रही थी। जिससे गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए निकलने वाली यात्रा में किसी तरह की असुविधा का सामना श्रद्धालुओं को न करना पड़े।

## संपादकीय

### चीतों का कुनबा बढ़ाने के लिए सरकार की तैयारी

चीता परियोजना केंद्र सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी योजना है। दो वर्ष पहले नामीबिया से आठ चीते लाकर मध्यप्रदेश के कूनो उद्यान में छोड़े गए थे। इस तरह करीब अस्सी वर्ष बाद फिर से चीतों को बसाने की पहल शुरू हुई थी। हालांकि तब काफी आशंकाएं जताई गई थी कि भारत की जलवायु चीतों के अनुकूल नहीं है और शायद वे ज्यादा दिन जीवित नहीं रह पाएंगे। मगर अब वे आशंकाएं काफी हद तक निर्मूल हो चुकी हैं। उसके एक वर्ष बाद दक्षिण अफ्रीका से बारह चीते मंगाए गए थे।हालांकि इस बीच आठ चीतों ने दम तोड़ दिया, पर बचे हुए चीतों ने सत्रह शावकों को जन्म दिया, जिनमें से बारह जीवित हैं। स्वाभाविक ही इससे उत्साहित होकर सरकार ने अब केन्या से चीते लाने का समझौता किया है। भारत ने इसे अंतिम रूप दे दिया है और केन्या प्रशासन से इस पर मंजूरी का इंतजार है। केन्या से लाए जाने वाले चीतों को गुजरात के बन्नी घास के मैदानों में बन रहे प्रजनन केंद्र में बसाने की योजना है।ऐसा नहीं कि चीतों को बसाने की कोशिश इससे पहले नहीं हुई। अंग्रेजों के शासन में भी इसके प्रयास हुए, मगर यहां की जलवायु और शिकारियों पर अंकुश न लग पाने की वजह से चीतों का कुनबा बढ़ नहीं पाया। अच्छी बात है कि अब कूनो उद्यान में चीतों का परिवार बढ़ रहा है। उनकी संख्या पच्चीस हो गई है। हालांकि योजना थी, चीतों को कूनो में स्वतंत्र विचरण के लिए छोड़ा जाना था, मगर उनमें बीमारियों और शिकारियों आदि के भय से उन्हें अभी तक पिंजरों में ही कैद रखा गया है। उनमें से केवल एक चीता बाहर है।दरअसल, कूनो उद्यान के चीतों में कई बार बीमारियों का प्रकोप देखा गया है, इसलिए उन्हें सुरक्षित वातावरण में रखा जाता है। पर इस तरह अभयारण्य और चिड़ियाघर में अंतर नहीं रह जाता। गुजरात के नए बन रहे प्रजनन केंद्र में भी अगर उन्हें पिंजरे में रखना पड़ा, तो उनके स्वाभाविक जीवन को लेकर दावा करना मुश्किल होगा। यह अपेक्षा अभी पूरी नहीं हुई है कि चीते खुले में कुलांचें भरेंगे और लोग उन्हें अपनी स्वाभाविक जीवन-शैली में देख सकेंगे।

**दिल्ली आबकारी नीति मामले में केजरीवाल की जमानत मिलने के बाद, उन्होंने 15 सितम्बर को आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दो दिन बाद वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे जब तक जनता उन्हें फिर से चुनकर भेजेगी। यह निर्णय, हालांकि बहुत से लोगों के लिए एक आश्चर्य की बात हो सकता है, लेकिन यह उनकी रणनीतिक सोच का एक हिस्सा है। इस कदम के पीछे उनका उद्देश्य राजनीतिक परिदृश्य में अपनी ईमानदारी की छवि को और मजबूत करना और दिल्ली की राजनीति में अपनी स्थिति को पुनः स्थापित करना है।**

# केजरीवाल का इस्तीफा का ऐलान- शराब नीति मामले में 'ईमानदारी' का बचाव या सियासी चाल?

(अजय कुमार)

दिल्ली आबकारी नीति मामले में केजरीवाल की जमानत मिलने के बाद, उन्होंने 15 सितम्बर को आम आदमी पार्टी (आप ) के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दो दिन बाद वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने जा रहे हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में एक ऐसा कदम उठाया है जिसने राजनीतिक पंडितों को चौंका दिया है। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। यह निर्णय एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा प्रतीत होता है, जो न केवल उनकी राजनीतिक छवि को प्रभावित करेगा, बल्कि दिल्ली की राजनीति में भी नया मोड़ ला सकता है।

दिल्ली आबकारी नीति मामले में केजरीवाल की जमानत मिलने के बाद, उन्होंने 15 सितम्बर को आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दो दिन बाद वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे जब तक जनता उन्हें फिर से चुनकर भेजेगी। यह निर्णय, हालांकि बहुत से लोगों के लिए एक आश्चर्य की बात हो सकता है, लेकिन यह उनकी रणनीतिक सोच का एक हिस्सा है। इस कदम के पीछे उनका उद्देश्य राजनीतिक परिदृश्य में अपनी ईमानदारी की छवि को और मजबूत करना और दिल्ली की राजनीति में अपनी स्थिति को पुनः स्थापित करना है।

अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी ने अन्ना हज़ारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से उभरकर राजनीति में प्रवेश किया था। इस आंदोलन ने उन्हें एक ईमानदार और भ्रष्टाचार विरोधी नेता के रूप में स्थापित किया। आम आदमी पार्टी ने स्वयं को ईमानदारी और पारदर्शिता का प्रतीक माना है। इस संदर्भ में, दिल्ली शराब नीति मामले को लेकर विपक्ष, खासकर बीजेपी,



ने लगातार पार्टी और केजरीवाल की छवि पर सवाल उठाए हैं। बीजेपी ने बार-बार केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की थी और आरोप लगाया था कि उनकी सरकार ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है।

हालांकि, केजरीवाल की जमानत के बाद अधिकांश गिरफ्तार किए गए नेताओं को भी जमानत मिल चुकी है, और आम आदमी पार्टी ने इस पर न केवल अपना पक्ष रखा है, बल्कि यह भी दिखाया है कि शराब नीति मामले में कई मुद्दे हैं। पार्टी इस तरह की स्थितियों को जनता के बीच यह संदेश देने के लिए उपयोग कर रही है कि यह मामला राजनीति से प्रेरित हो सकता है और नेताओं को गलत तरीके से फंसाने की कोशिश की जा रही है। इस दृष्टिकोण से, केजरीवाल का इस्तीफा एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है, जो उनकी पार्टी के नैरेटिव को मजबूत करने का प्रयास है।

केजरीवाल ने अपने इस्तीफे के फैसले के साथ यह भी कहा है कि उनके पास केवल उनकी ईमानदारी है, और उनके बैंक खाते खाली हैं। उन्होंने यह तर्क किया कि उनका उद्देश्य कभी भी पद और धन के लालच से प्रेरित नहीं रहा। इसके बजाय, उनका प्राथमिक उद्देश्य देश और समाज की सेवा करना है। उनके अनुसार, उनका यह निर्णय जनता के अदालत में अपनी ईमानदारी का परीक्षण कराने का एक तरीका है। वे जनता से यह पूछना चाहते हैं कि क्या वे उन्हें ईमानदार मानते हैं या गुनहगार।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए जमानत आदेश के तहत, केजरीवाल को कुछ शर्तों के साथ जमानत दी गई है। उनमें से एक यह है कि वह अपने दफ्तर या सचिवालय में नहीं जा सकते और केवल उन फाइलों पर साइन कर सकते हैं जिन्हें उपराज्यपाल के पास अनुमोदन के लिए भेजा जाना है। इस स्थिति में, केजरीवाल को दिल्ली में अपनी कार्यशैली और प्रशासनिक स्वतंत्रता को लेकर सीमित जगह मिल रही है। इसके चलते, उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला किया और विधानसभा भंग करने की सिफारिश की है ताकि जल्दी चुनाव कराए जा सकें।

केजरीवाल ने यह भी मांग की है कि दिल्ली में विधानसभा चुनाव फरवरी 2025 के बजाय नवंबर 2024 में कराए जाएं। उनका मानना है कि नवंबर में महाराष्ट्र और झारखंड के साथ चुनाव कराने से बीजेपी को इन राज्यों की सियासत में व्यस्त रहना पड़ेगा और दिल्ली विधानसभा चुनाव पर ध्यान नहीं दे पाएगी। इस रणनीति का उद्देश्य आम आदमी पार्टी को सियासी लाभ दिलाना है और बीजेपी को अपनी चुनावी योजनाओं पर फिर से विचार करने पर मजबूर करना है।


अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा एक तरह से बीजेपी और कांग्रेस को भी हैरत में डालने वाला है। खासकर हरियाणा में विधानसभा चुनावों के समय केजरीवाल का इस्तीफा और उनका राजनीतिक सन्देश यह दर्शाता है कि आम आदमी पार्टी किसी भी राजनीतिक स्थिति का फायदा उठाने के लिए तत्पर है। केजरीवाल के इस्तीफे के साथ-साथ मनीष सिसोदिया ने भी चुनाव तक किसी भी पद को ग्रहण नहीं करने का निर्णय लिया है, जो इस बात को प्रमाणित करता है कि पार्टी अपनी ईमानदारी की छवि को बनाए रखने के लिए गंभीर है।

इससे पहले लोकसभा चुनाव के दौरान, केजरीवाल ने भी कुछ प्रमुख राजनीतिक दांव खेले थे और बीजेपी के नेताओं को सफाई देने के लिए मजबूर किया था। अब, हरियाणा और अन्य राज्यों में चुनाव के साथ, केजरीवाल का यह कदम निश्चित रूप से राजनीतिक पिच पर नया मोड़ ला सकता है। उनके इस्तीफे के साथ, वे दिल्ली की राजनीति में एक नया नैरेटिव सेट करने के लिए तैयार हैं, जिससे यह साबित हो सके कि उनकी पार्टी और वे व्यक्तिगत रूप से ईमानदारी और सच्चाई के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

# सौहार्द हेतु बंद करना होगी घातक प्रतिस्पर्धा

( डा. रवीन्द्र अरजरिया)

साम्प्रदायिकता की खाई को पाटने की कोशिशों के स्थान पर उसे गहरा करने में जुटे मानवता के दुश्मनों ने देश-दुनिया को विस्फोटक स्थिति पर पहुंचा दिया है। 'विश्व बंधुत्व' से लेकर 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के सिध्दान्तों ने अपने अस्तित्व की लडाई को हारने की दिशा में बढना शुरू कर दिया है। साम्प्रदायिक विरासतों को समाज पर थोपने के प्रयासों का खूनी संघर्ष में परिवर्तित होना, किसी भी दशा में सुखद नहीं कहा जा सकता। जबरन थोपी जाने वाली जीवन शैली को धर्म का नाम नहीं दिया जा सकता। वह तो महज शरीरों को गुलाम बनाने की प्रक्रिया मात्र है जिससे अन्त्ःकरण का समर्पण कदापि संभव नहीं है। हिंसा की प्रवृत्ति, जुल्म का स्वभाव, स्वामित्व की आकांक्षा, वर्चस्व की अनुभूति जैसे अनगिनत कारकों को पारिवारिक संस्कारों के रूप में प्राप्त करने वाले अपने साम्प्रदायिक शिक्षकों से कट्टरता का पाठ निरंतर पढ रहे हैं। कथित मजहबी मदरसों ने भूभागों पर कब्जों का प्रशिक्षण देकर 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' को किस्तों में कत्ल करने वालों की जमातों ने बेलगाम इजाफा करने का मिशन चला रखा है। कहीं काफिर तो कहीं विधर्मी, कहीं नास्तिक तो कहीं बुतपरस्त बताकर विभेद किये जा रहे हैं। ईश-निंदा का अप्रमाणित आरोप लगाकर दुनिया भर में हत्याओं का मनमाना सिलसिला चल निकला है। धार्मिक संस्थानों, धार्मिक गुरुओं, धार्मिक ठेकेदारों, धार्मिक सेवादारों की कथित पहचान की आड लेकर मजहबी संस्कारों के जबरजस्ती विस्तार हेतु निरीह लोगों पर खुलकर ज्यादतियां शुरू हो चुकीं हैं। चन्द लोगों ने देश, काल और परिस्थितियों के आधार पर अपनाए गये अपने संस्कारों को अब समूची दुनिया पर लादने हेतु आतंक का रास्ता अख्तियार कर लिया है। पूर्व के सुनियोजित षडयंत्रों के सफल होने से उनके हौसलों ने नई उडान भरना शुरू कर दी है। पुराने कबीलों की अभावग्रस्त जीवन शैली के अपरिवर्तनीयस्वरूप ने परम्पराओं को रूढियों में बदला और फिर कट्टरता का लबादा ओढ़ लिया। वहीं दूसरी ओर श्रध्दा के वर्तमान स्वरूप ने साधना, समर्पण और सेवा को हाशिये पर



पहुंचाकर आलस्य, प्रमाद और उन्माद को आलिंगनवध्द करके शारीरिक मस्ती को स्वीकारने की दिशा में बढना प्रारम्भ कर दिया है। धार्मिक सिध्दान्तों को पहले मनमाने कर्मकाण्ड में लपेटा और फिर उनके वास्तविक स्वरूप को सूक्ष्म से सूक्ष्मतर करते चले गये। इसके व्यवहारिक स्वरूप को समझने हेतु श्रीगणेशोत्सव की बानगी ही पर्याप्त है जहां पर साम्प्रदायिक साधनायें उन्माद बनकर दिखाई देती हैं। दिल पर चोट करने वाले डीजे की धुनों ने गणपति स्थापना पंडाल को हंगामे का धरातल बना दिया। आस्था से जुडी व्यवस्थाओं को प्रतिस्पर्धा, दिखावा और बाह्य आकर्षण के लावण्य में परिवर्तित कर दिया। फिल्मी संगीत को अध्यात्मिक बोलों में पिरोकर प्रस्तुत किया और फिर जमकर शुरू हुआ पाश्चात्य नृत्यों का हंगामा। आराधना में शास्त्रीय विधा की गायकी, मंत्रों के उच्चारण की अनुशासित स्वर लहरी और देव उपासना का क्रम कहीं खो सा गया है। नई पीढी के इस आकर्षण को वास्तविक वैदिक रीतियों की ओर मोडने का उपाय किया जाना चाहिए ताकि 'विश्व कल्याण के सनातनी सूत्र' पुनः जागृत हो सकें। इसी प्रतिस्पर्धा का एक और स्वरूप ईद के जलसे में भी देखने को मिलेगा जहां मुस्लिम सम्प्रदाय ध्वनि प्रदूषण की चरम सीमा पर पहुंचने वाला संगीत बजायेगा, मजहबी ललकारों को खुलेआम फैलायेगा और किसी खास आस्थान के मौलाना के फतवे पर मनमानियों का नया रूप प्रस्तुत करेगा। भीड की आड में हिंसा फैलाने वाले लोगों की चांदी हो जाती है। वे भारतीय संविधान की कानूनी व्यवस्था के लचीलेपन का लाभ उठाकर अपराध करने के बाद भी बच निकलते हैं। इतिहास गवाह है कि जब-जब देश की सत्ता के विरोध में बैठने वालों ने राष्ट्र-विरोधी अभियान चलाया, जहरीले बयानों को उगला और पर्दे के पीछे से विदेशी षडयंत्रकारियों के मंसूबों को समर्थन दिया, तब-तब देश में असुखद वातावरण निर्मित हुआ। अपनी विरासतन संस्कारों में रचे-बसे कांग्रेस के जन्मजात नेता राहुल गांधी ने विदेश में बैठकर आतंक की पाठशाला संचालित करने वाले पाकिस्तान को क्लीन चिट दी, चीन के दुश्मनी भरे मंसूबों को समर्थन दिया और दी खालिस्तान के झंडे को तेजी से फहराने की प्रेरणा। वे भारत विरोधी विदेशी सांसदों के साथ निकटतम संवाद करके, झूठ के सहारे सरकार की कमियां निकाल के और राष्ट्रीय प्रगति को अवरुध्द करने का प्रयास करके आखिर साबित क्या करना चाहते हैं? यह पहेली देशवासियों के सामने निरंतर अनसुलझी ही रहती है। विदेशियों के सामने दुखडा रोने, देश की छवि खराब करने और सत्ता को तानाशाही कहने का परिणाम स्वयं के पैर पर कुल्हाडी मारने से ज्यादा कभी नहीं निकला। ऐसी स्थितियों से देशद्रोहियों के हौसले जरूर बुलंद होते रहे हैं। आज घाटी में पाक परस्त आंतकियों की गतिविधियां तेज हो गई हैं, अमेरिकी दूतावास ने संदिग्ध लोगों को आमंत्रित कर लिया है, कट्टरता के अनेक संस्थानों ने अपनी चादर के विस्तार की गति बढा दी है, पथराव करने वाली जमातें अब पहाडों से उतरकर मैदानी क्षेत्रों में सक्रिय हो गईं हैं, साम्प्रदायिक उन्माद चरम सीमा की ओर बढने लगा है, चुनावी राज्यों की हवा में विभाजनकारी जहर घुलने लगा है, ऐसे एक नहीं अनेक कारक हैं जो वर्तमान में अपने खतरनाक अस्तित्व की पहचान करा रहे हैं। चन्द लोगों के षडयंत्र, चन्द लोगों की पहल और चन्द लोगों के संरक्षण ने आज देश के सामने शान्ति का वातावरण बचाने की चुनौती प्रस्तुत कर दी है जिसे केवल और केवल आम आवाम की सकारात्मक सोच ही समाप्त कर सकती है। सौहार्य हेतु बंद करना होगी घातक प्रतिस्पर्धा अन्यथा उसका खूनी परिणाम आंसुओं की सौगात दिये बिना नहीं मानेगा। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

## वर्ग पहेली 5495

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | |
| 6 | | ■ | 7 | | 8 | | ■ |
| | ■ | 9 | ■ | 10 | | ■ | 11 |
| 12 | 13 | ■ | 14 | ■ | 15 | 16 | |
| 17 | | 18 | | ■ | 19 | | |
| ■ | 20 | | | ■ | | ■ | ■ |
| 21 | ■ | | ■ | 22 | | 23 | 24 |
| 25 | | | ■ | | ■ | 26 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1941 को इस भारतीय अदम्य निर्भीकता वाले पत्रकार ने जन्म लिया था (5)
5. यह ऑस्ट्रेलिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला शहर है जिसकी स्थापना 12 जून 1829 का हुई थी (2)
6. मास, महिना, तीस दिनों का समय (2)
7. काजल लगा हुआ, अंजनयुक्त (4)
9. शास्त्रीय संगीत में ऋषभ स्वर सूचक शब्द (1)
10. झुका हुआ, प्रणाम करता हुआ (2)
12. बहादुर, सूरमा, योद्धा (2)
15. संतान, वंशज (3)
17. वह जो ब्राह्मणों से अपने धार्मिक कृत्य करवाता है (4)
19. झूले की पेंग, झमने का भाव, तरंग (3)
20. रूप या अस्तित्व प्रदान होना (3)
22. अपनी इच्छानुसरा काम करने वाला (4)
25. महाभारत के अनुसार यह दुर्योधन का मंत्री था (3)
26. मुस्लिम पद्धति से विवाह करवाने वाला (2)

**ऊपर से नीचे**

1. जो मनुष्य के योग्य न हो, क्रूर (5)
2. आत्मा, जान, प्राण-वायु (2)
3. चसका, सुख-भोग, मनपसंद (2)
4. कारण (अंग्रेजी)(3)
5. नादरूपिणी वाणी, ब्रह्म विद्या (2)
8. बतौर नायिका यह नरगिस की अंतिम फिल्म थी जिसमें प्रदीप कुमार और फिरोजखान भी थे (6)
11. वाद्य बजाने वाला, साजिंदा (3)
13. इस्लामी सातवां महिना (3)
14. श्रवण करना, बर्दाश्त करना (3)
16. ब्रिगेड, दस्ता, उर्दू का एक अक्षर (2)
18. किसी की प्रतिष्ठा या इज्जत को हानि पहुंचाना (4)
21. प्रसिद्धि, ख्याति, नाम होना (2)
22. सत्ताइस नक्षत्रों में दसवां जो शिशुमार से लगा हुआ है(2)
23. अवसर, घटना स्थल (2)
24. बडी बहन के लिए एक संबोधन, दीदी (2)

### वर्ग पहेली 5494 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ढा | का | ■ | चि | त | रं | ज | न |
| लू | म | ■ | रा | ल | ■ | य | म |
| ■ | न | वा | ग | त | ■ | प्र | ■ |
| सी | क | र | ■ | म | ■ | का | श |
| न | र | ■ | ■ | ह | ता | श | ■ |
| ■ | ना | का | ■ | मू | ल | ■ | न |
| पं | ■ | म | द | द | ■ | क | र्म |
| गु | म | ना | म | ■ | शा | र | दा |

# सामान्य से ज्यादा बारिश के बावजूद बरकरार मानसून

केजे रमेश

मानसून की विदाई के फिलहाल कोई संकेत नहीं हैं। बंगाल की खाड़ी में एक और कम दबाव का क्षेत्र बन चुका है, जो इस हफ्ते तक धीरे-धीरे पूरे उत्तर-पश्चिम भारत को भिगोएगा। मध्य प्रदेश और पूर्वी राजस्थान तक इसका असर दिख सकता है। वास्तव में, यह लगातार चौथा सप्ताह है, जब कहीं न कहीं बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बना और बहुत इलाकों में तेज बारिश होती रही। अभी पिछले हफ्ते ही इंदौर और झांसी के बीच बारिश होने के बाद कम दबाव का क्षेत्र पश्चिमी विक्षोभ के संपर्क में आया और पहाड़ की तरफ आगे निकल गया। इसके कारण दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड, राजस्थान और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश होती रही। नेपाल का पश्चिमी हिस्सा भी इससे प्रभावित रहा। कहीं-कहीं तो तूफानी हवा के साथ भारी से अत्यधिक भारी बारिश हुई। इसका असर आम जनजीवन पर भी पड़ा। यह सही है कि सिंतबर महीने तक मानसून का चक्र पूरा हो जाता है, लेकिन यह गणना अनुमान पर आधारित होती है। तकनीकी तौर पर मानसून का चक्र जून से सितंबर तक ही होता है, लेकिन जब 1 जून को केरल के तट से मानसून टकराता है, तो उसके बाद पूरे देश में उसके फैलने का महज अनुमान लगाया जाता है। इसमें बीच-बीच में सुधार भी किया जाता है, क्योंकि मौसमी परिस्थितियों के कारण मानसून का असर कम-ज्यादा होता रहता है। वास्तव में, इस साल पिछले गुरुवार तक मानसूनी बारिश सामान्य से 8.25 प्रतिशत ज्यादा हुई है। बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों के कुछ जिलों में बेशक सामान्य से कम बारिश देखी गई, लेकिन समग्रता में बीते कुछ वर्षों में हमने सबसे बेहतर मानसून इसी साल देखा है।

इसका सबसे बड़ा संकेत हमारे जलाशय हैं। उनमें सामान्य से ज्यादा पानी भर गया है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और पूरब से लेकर पश्चिम तक ऐसा कोई जलाशय नहीं, जिसमें पानी लबालब न हो। इसका फायदा यह है कि खरीफ फसलों के लिए जितना पानी हमें चाहिए, वह तो हमारे पास उपलब्ध हो ही गया, रबी की अगली फसलों के लिए भी पर्याप्त पानी हमने जमा कर लिया है। यह स्थिति तब है, जब बारिश लगातार होने से कई जगहों पर सिंचाई की आवश्यकता नहीं महसूस की जा रही। ऐसा बहुत वर्षों बाद देखने को मिला है। जाहिर है, जलाशयों में पानी की यह अधिकता फसलों को काफी फायदा पहुंचाएगी।

अच्छी मानसूनी बारिश का लाभ सिर्फ जलाशयों और फसलों को ही नहीं मिलता है, पेयजल के मामले में भी हमें काफी राहत मिल जाती है। आकलन तो यही है कि अब तक जितनी बारिश हो चुकी है, उस हिसाब से अगले मानसून तक पीने के पानी की कहीं कोई कमी शायद ही दिखे।

## आज का राशिफल

### मेष

आज करियर में लाभ होगा और आपको आशातीत सफलता मिलने से मन प्रसन्न होगा। आप अपने सभी दायित्वों की पूर्ति कर लेंगे और मनचाहा लाभ भी होगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और आपकी तरक्की होगी। आपका रुका हुआ कार्य भी सम्पन्न होगा। पेट में दर्द और परेशानी हो सकती है। बेहतर होगा कि बाहर का खाना न खाएं।

### वृषभ

आज करियर में लाभ होगा और परिवार के लोगों के साथ आपका दिन आनंद में बीतेगा। दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। सेहत के प्रति सावधान रहें और हर कार्य को सावधानी से करें। शाम के वक्त अतिथि के आगमन का हर्ष हो सकता है।

### मिथुन

आज आर्थिक मामलों में लाभ का दिन है आपके सम्मान में वृद्धि होगी। किसी बहुमूल्य वस्तु और संपत्ति को पाने की अभिलाषा पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें। शाम से लेकर रात तक आपका मन अच्छे काम में लगेगा और आपको खुशी होगी।

### कर्क

आज उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी और भाग्य में वृद्धि का दिन है। अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने से आपका मन खुश होगा। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और आपकी तरक्की होगी।

### सिंह

आज आपकी तरक्की आरंभ होगी। आज का दिन परोपकार में बीतेगा और आपके आनंद में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में भी आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं इससे व्यथित होकर साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है। आपके अच्छे व्यवहार से आप सभी लोगों का दिल जीत लेंगे।

### कन्या

आज भाग्य में वृद्धि होगी और आपकी तरक्की होगी। सेवा और पुण्य कार्यों पर धन का व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वन्दियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी।

### तुला

आज आपके लिए दिन सफलता से भरा होगा। शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं। आय के नये स्रोत बनेंगे। आपको विशेष सम्मान दिलाएगी। भागदौड़ अधिक रहने के कारण आपकी सेहत प्रभावित हो सकती है। सावधान रहें।

### वृश्चिक

आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर, धन सम्मान यश कीर्ति में वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य पूर्ण होगा और आपके भाग्य में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

### धनु

आज आपके खर्च में वृद्धि होगी। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आपके संबंधों में तनाव बढ़ सकता है। रुपये पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है। आपको जरूरी कार्य से कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं जिसमें आपकी विजय हो जाएगी।

### मकर

आज व्यवसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने से हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे। शाम के समय आपके जरूरी कार्य पूर्ण होगा।

### कुंभ

आज करियर में लाभ होगा और आपको भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैद्यानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। शाम के समय माता के स्वास्थ्य में सुधार हो जाएगा-पूर्ण स्वस्थ होने में समय लगेगा।

### मीन

आज आपके धन में वृद्धि होगी। पास और दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। शाम के समय घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोलकाता में इंसाफ की लड़ाई लड़ रहे डॉक्टर्स की मदद को आगे आई रिटायर्ड टीचर, दान की पेंशन




**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता के आर जी कर अस्पताल मामले में आंदोलनकारी डॉक्टरों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नही हो जाती, तब तक काम बंद रहेगा और प्रदर्शन जारी रहेगा। सोमवार को प्रदर्शनकारियों की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से पांचवीं मुलाकात हुई थी। जिसके बाद ममता ने डॉक्टरों की पांच मांगों में से अधिकांश को स्वीकार कर लिया है। बनर्जी ने कोलकाता पुलिस कमिश्नर सहित राज्य स्वास्थ्य विभाग के शीर्ष अधिकारियों को पद से हटाने की घोषणा भी की। इस बीच बंगाल के बीरभूम में 76 वर्षीय सेवानिवृत्त महिला शिक्षक ने बलात्कार और हत्या की शिकार हुई प्रशिक्षु डॉक्टर के लिए न्याय की मांग कर रहे डॉक्टरों को अपना समर्थन देने का ऐलान किया। उन्होंने अपनी पेंशन से 10 हजार रुपए आंदोलनकारियों के लिए दान किए। रिटायर्ड शिक्षिका स्नेहमयी सरकार ने कहा कि बिना किसी बाधा के विरोध जारी रखने के लिए पर्याप्त धन जुटाना आवश्यक है। इसलिए मैंने भी प्रदर्शनकारियों को समर्थन देने का निश्चय किया है। उन्होंने कहा, 卐आंदोलन चलाने में बहुत मेहनत लगती है और इसे चलाने के लिए बहुत पैसे की जरूरत भी होती है। वे लड़के और लड़कियां दिन-रात लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वे अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहे हैं। अब, वे कैसे आगे बढ़ेंगे? यह कैसे संभव होगा? इसलिए मैंने उनके फंड में दान करने का फैसला किया 卐 कानूनी प्रक्रिया पर टिप्पणी करते हुए स्नेहमयी ने आगे कहा, 卐एक स्पष्ट सुनवाई होनी चाहिए और उसके माता-पिता को भी इसकी जानकारी होनी चाहिए। अगर उचित सजा होगी तो इससे मां-बाप का दर्द थोड़ा कम हो जाएगा 卐 गौरतलब है कि स्नेहमयी बीरभूम के तांतीपारा इंडियन टेक्सटाइल गर्ल्स हाई स्कूल में शिक्षिका थीं। वह 2007 में सेवानिवृत्त हुईं और वर्तमान में अपनी बेटी के साथ शांतिनिकेतन में रहती हैं।

### कर्नाटक भाजपा में नई दरार, येदियुरप्पा के बेटे खिलाफ नेता तैयार ; कर दी हटाने की मांग

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी में दरार बढ़ना जारी है। अब खबर है कि पार्टी के एक वरिष्ठ विधायक ने मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के बेटे विजयेंद्र का नेतृत्व मानने से इनकार कर दिया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि भविष्य में भी कभी विजयेंद्र की लीडरशिप स्वीकार नहीं करेंगे। साथ ही सामूहिक नेतृत्व की बात कही है। हालांकि, विधायक ने यह भी साफ किया है कि वह येदियुरप्पा के खिलाफ नहीं हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाजपा विधायक रमेश जरकिहोली ने विजयेंद्र पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, हमने कभी भी उनके नेतृत्व को स्वीकार नहीं किया है और भविष्य में भी नहीं करेंगे। पार्टी तय करेगी कि किसे नेता बनना चाहिए। वह जूनियर है। उन्हें नहीं पता कि पार्टी की विचारधारा क्या है। वह हमारी पार्टी के भ्रष्ट नेता है। हम उनके खिलाफ हैं। जरकिहोली का कहना है कि वह येदियुरप्पा के खिलाफ नहीं हैं। उन्होंने कहा, हम येदियुरप्पा पर सवाल नहीं उठा रहे हैं। हम येदियुरप्पा से सवाल नहीं करेंगे। हम विजयेंद्र से सवाल करेंगे, क्योंकि वह हमारे नेता नहीं हैं। भाजपा विधायक का कहना है कि साल 2018 में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनंतकुमार के निधन के बाद पार्टी में कोई भी बड़े नेता नहीं हैं। इस दौरान जरकिहोली ने प्रदेश नेतृत्व का प्लान भी बताया। उन्होंने कहा, भगवान की कृपा से हमारे पास मजबूत टीम है। येदियुरप्पा, रमेश जरकिहोली और (बसनगौड़ा पाटिल) यत्नाल को साथ आने दीजिए। ताकत सिर्फ एक व्यक्ति के पास नहीं होनी चाहिए। नेतृत्व सामूहिक होना चाहिए। अगर एक व्यक्ति नेता बनता है, तो मैं भी दूसरा येदियुरप्पा बन सकता हूं। उन्होंने कहा, कोई भी तानाशाह बन सकता है, तो मैं सामूहिक नेतृत्व का अनुरोध करता हूं, जिसमें 15-20 लोग शामिल हों। उन्हें यह हासिल करने का काम सौंपे। अगर हम इन 15 नेताओं को एकसाथ ले आए, तो हम पार्टी के लिए 130-140 सीटें ला सकते हैं। खास बात है कि बीते साल यत्नाल ने कर्नाटक में भाजपा के पूर्व शासन पर सवाल उठाए थे। उन्होंने सरकार पर कोविड-19 के दौरान 40 हजार करोड़ के घोटाले में शामिल होने की बात कही थी।

### 800 किलो बाजरे से बनाई पीएम मोदी की पेंटिंग, 13 साल की लड़की के नाम दर्ज हुआ वर्ल्ड रिकॉर्ड

**झनईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को अपना 74वां जन्मदिन मनाएंगे। इसके एक दिन पहले 13 वर्षीय लड़की ने खास तोहफा तैयार किया है। उसने 800 किलोग्राम बाजरे का इस्तेमाल करके पीएम मोदी की पेंटिंग बनाई। यह दुनिया की सबसे बड़ी मिलेट पेंटिंग है और इस तरह से वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बन गया। उसने इस कलाकृति को 12 घंटे में पूरा कर लिया। इस लड़की का नाम प्रेस्ली शेकिना है जो चेन्नई के वेल्लाम्मल स्कूल की छात्रा है। उसने पीएम के जन्मदिन को खास तरह से मनाने की इच्छा लेकर इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रेस्ली शेकिना ने सुबह 8:30 बजे पेंटिंग बनानी शुरू की और रात 8:30 बजे इसे पूरा कर लिया। पीएम मोदी की यह कलाकृति 600 वर्ग फुट में फैली हुई है।

# कांग्रेस के शासन में किसानों पर गोलियां क्यों चलाई गई, जवाब नहीं दे रहे हुड्डा : नायब सिंह सैनी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पुण्डरी में भाजपा प्रत्याशी सतपाल जाम्बा के समर्थन में आयोजित जन आशीर्वाद रैली में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज इतनी बड़ी संख्या में लोगों को यहां देखकर उत्साहित हूं और दावे के साथ कह सकता हूं कि 2019 की तरह पूंडरी से इस बार भी भाजपा को एतिहासिक जीत मिलेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है, विशेष चुनाव है। यह चुनाव हरियाणा का इतिहास लिखने वाला है, यह झूठे वादों और सच्चे विकास का चुनाव है। उन्होंने कहा कि जनता को झूठे वादे करने वालों से सावधान रहना जरूरी है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने झूठे वादे करके तीन राज्यों में सरकार बनाई, अब वहां की जनता भुगत रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेता 10 साल के शासन का हिसाब मांगते फिर रहे हैं, लेकिन जब उनसे सवाल पूछे जाते हैं, तो उनके पास कोई जवाब नहीं होता। मुख्यमंत्री ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर सीधा हमला करते हुए कहा, मैंने हुड्डा से पूछा कि आपके 10 साल के कार्यकाल में कितने किसानों की फसल एमएसपी पर खरीदी गई? किसानों को 2-2 रुपये के चेक क्यों दिऐ जाते थे, कांग्रेस के शासन में



किसानों पर गोलियां क्यों चलाई गई। ऐसे बहुत से सवाल हैं, जिनका जवाब आज तक कांग्रेस नहीं दे पाई।

जनसभा में पूंडरी विधानसभा प्रत्याशी सतपाल जाम्बा, कुरुक्षेत्र सांसद नवीन जिंदल, जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड़, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, मुख्य सचेतक योगेश्वर गर्ग, जिला महामंत्री सुरेश संधू व पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद बंसल, सुरेश संधू, कर्मवीर कॉल, आदित्य भारद्वाज, बलविंदर जांगड़ा, रोशन सैनी, देवी दयाल बरसाना आदि उपस्थित रहे।

**कांग्रेस ने झूठे वादों से कई राज्यों में हड़पी सत्ता :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक, हिमाचल, और तेलंगाना में कांग्रेस झूठे वादे किए, लेकिन आज तक कोई भी वादा पूरा नहीं किया। कांग्रेस का काम ही झूठ बोलना और जनता का शोषण करना है। कश्मीर मुद्दे पर भी मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा, जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो में धारा 370 को फिर से लागू करने की बात कही है और कांग्रेस ने उसका समर्थन किया है। ऐसे लोग जो देश को कमजोर करना चाहते हैं, उन्हें बाहर का रास्ता दिखाने का समय आ गया है।

**भाजपा सरकार गरीबों और जरूरतमंदों के लिए समर्पित :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा ने विकास की ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने भ्रूण हत्या, क्षेत्रवाद, और भाई-भतीजावाद को खत्म किया। साथ ही लाखों बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करने के लिए भाजपा द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की। नायब सिंह सैनी ने जनता को भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार गरीबों और जरूरतमंदों के लिए समर्पित है। उनकी सरकार ने गरीब परिवारों को मुफ्त रोडवेज यात्रा की सुविधा दी है और गैस सिलेंडर की कीमतें कम करके महिलाओं को राहत पहुंचाई है।

**पूंडरी में बहुमत से खिलेगा कमल :** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि पूंडरी से कमल का फूल बड़े बहुमत से खिलेगा। उन्होंने कहा, मैं आपके बीच आशीर्वाद लेने आया हूं और आपको विश्वास दिलाता हूं कि पूंडरी का विकास हमारी प्राथमिकता होगी। हम दिन-रात काम करेंगे ताकि पूंडरी विकास की नई ऊंचाइयों को छू सके। इस दौरान उन्होंने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें हमेशा से अपने परिवार के बीच होने का एहसास होता है और आज भी वह इसी भावना से यहां आए हैं। उन्होंने पिछले चुनावों की याद दिलाते हुए कहा कि 2019 में पुंडरी की जनता ने उन्हें ऐतिहासिक जीत दिलाई थी, जो आज तक कुरुक्षेत्र के राजनीतिक इतिहास में नहीं देखी गई थी।

**प्रदेश को स्वच्छ और सुंदर बनाना मेरा लक्ष्य : सतपाल जाम्बा :** भाजपा प्रत्याशी सतपाल जाम्बा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वच्छ भारत मिशन सदैव मेरे लिए प्रेरणादायी रहा है। मेरा गांव, मेरा शहर स्वच्छ हो इसी संकल्प के साथ मैने काम किया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के मिशन को आगे बढ़ाना ही मेरा लक्ष्य है। अपने प्रदेश और क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने का जो सपना मैने देखा है उसके लिए आप सभी लोग मेरा सहयोग करें और 5 अक्टूबर को कमल के फूल के निशान पर वोट देकर विधानसभा में भेजें।

## गुरु आनंद दिघे की फोटो के सामने पैसा उड़ाने पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे हुए नाराज

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सियासी गुरु दिवंगत आनंद दिघे की तस्वीर के सामने



कुछ लोगों के नाचने और नोट बरसाने का वीडियो सामने आने के बाद पार्टी की ठाणे इकाई के दो पदाधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। यह घटना 12 सितंबर को गणेश उत्सव के समय की है।

एक वीडियो में कुछ स्थानीय पार्टी कार्यकर्ता आनंद आश्रम में दिघे की तस्वीर के सामने नाचते और पैसे बरसाते नजर आ रहे हैं। दिघे आनंद आश्रम से शिवसेना की ठाणे इकाई का संचालन करते थे। इस वीडियो की क्लिप बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। मुख्यमंत्री शिंदे और ठाणे से सांसद नरेश म्हास्के ने इस घटना को लेकर नाराजगी जताई और इसे 'बेहद अप्रिय' बताया। उन्होंने कहा कि दिघे जिस सम्मानजनक तरीके से इस प्रकार के उत्सवों को मनाते थे यह घटना उसके विपरीत है। म्हास्के द्वारा शनिवार रात को जारी आदेश के अनुसार इस मामले में पार्टी के दो पदाधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। आदेश में बर्खास्त किए गए पदाधिकारियों के पदों के बारे में नहीं बताया गया। शिंदे की पार्टी ने ऐसे समारोहों के दौरान संयमित आचरण की आवश्यकता पर जोर दिया।

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही महीने बचे हैं और ऐसे में राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि सत्तारूढ़ महायुति के सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे को 'जल्द' ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने भी चुनाव पूर्व व्यवस्था पर अपनी टिप्पणी में कहा कि 'लगभग 70-80 प्रतिशत' (288) विधानसभा क्षेत्रों में सीट बंटवारे पर सत्तारूढ़ गठबंधन के फार्मूले को अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि महायुति का समझौता मुख्य प्रतिद्वंद्वी विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) से काफी पहले हो जाएगा। महायुति (महागठबंधन) में भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल हैं।

## ममता बनर्जी इस्तीफा दें, इससे कम हमें कुछ मंजूर नहीं: सुकांत मजूमदार

**कोलकाता , एजेंसी।** आरजी कर अस्पताल रेप मर्डर मामले में हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच सीएम ममता बनर्जी ने जूनियर डॉक्टरों की मांगों को मान लिया है। सीएम ने पांच में से तीन मांगें मान लेने का ऐलान किया। इस बीच केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने सीएम के तरीके पर सवाल उठाते हुए इस्तीफा मांगा है। डॉ. सुकांत मजूमदार ने कहा कि, पहले वह कह रही थी कि वह सीपी को नहीं हटाएगी। बंगाल के लोग मांग कर रहे थे कि कार्रवाई की जाए। बंगाल के चप्पे -चप्पे में आंदोलन चल रहा था बंगाल की जनता मांग कर रही थी की एक्शन लिया जाए। बंगाल की जनता इस मुख्यमंत्री के ऊपर पूरा विश्वास खो चुकी हैं। उन्होंने आगे कहा कि, भाजपा जानती है कि यह सरकार की विफलता है और अगर इसके लिए किसी को जिम्मेदारी जाती है, तो वह न तो कोई पुलिस अधिकारी है और न ही कोई और, मुख्य आरोपी ममता बनर्जी हैं। सबूत को मिटाने में पुलिस-प्रशासन का पूरा हाथ लगता है। और विनीत गोयल और डीसी नॉर्थ को आप हटा देंगे और लोग बच जाएंगे। ऐसा नहीं चलेगा? इनको सजा मिलनी है। अगर इन्होंने सबूतों के साथ छेड़छाड़ की है तो सजा मिलनी चाहिए।

# महिलाओं को छूट नहीं अधिकार दीजिए, कानून से नहीं सोच से बदलता है समाज- सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** समाज केवल कानून से नहीं बदलता है। इसके लिए लोगों को अपनी सोच में बदलाव लाना होगा। यह बातें चीफ जस्टिस सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने एक कार्यक्रम के दौरान कहीं। सीजेआई समाज में महिलाओं की स्थिति और उनके अधिकारों को लेकर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि हमें अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है। हमारी सोच महिलाओं के लिए रियायतें देने से आगे बढ़नी चाहिए ताकि स्वतंत्रता और समानता के आधार पर जीवन जीने के उनके अधिकार को पहचाना जा सके। उन्होंने कहा कि वर्कप्लेस पर महिलाओं को कोई छूट नहीं चाहिए। बल्कि इससे कहीं आगे बढ़कर उन्हें समान अधिकार और समान मौके चाहिए। उन्हें सुरक्षित और बेहतर वर्कप्लेस चाहिए। सीजेआई ने कहा कि सुरक्षा, अवसर की समानता, सम्मान और सशक्तिकरण, यह ऐसी बातें नहीं हैं, जिनपर अलग से बात हो। बल्कि देश के हर शख्स को इसके बारे में सामने आकर चर्चा करनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों के बारे में बात करना महिलाओं की बात नहीं है। यह हम सभी की बात है। हमें हर शाम इस तरह की गंभीर बातचीत में शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाएं जो कर रही हैं और जिस तरह की भूमिका निभा रही हैं, वह बताने की जरूरत नहीं। न्यूज18 के एक कार्यक्रम बोलते हुए सीजेआई ने कहा कि दुनिया का कोई भी ज्ञान



महिला की अंतदृष्टि की जगह नहीं ले सकता है। महिलाओं ने तमाम मिसालें कायम की हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आज भी खुद को साबित करना पड़ता है। पढ़ाई, रोजगार और अन्य संसाधनों तक उनकी पहुंच पर नजर रखी जाती है, जबकि पुरुषों के लिए ऐसा कुछ नहीं है। डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मुझे यकीन है कि संस्थानों के प्रमुख, विचारक नेता और देश के नागरिक इस जिम्मेदारी से भाग नहीं सकते। यह सिर्फ महिलाओं की नहीं, बल्कि हमारे सिस्टम की क्षमता और सामाजिक ढांचे की बात है, ताकि समाज और बेहतर हो सके। उन्होंने कहा कि गवर्नेंस, पॉलिसी और लीडरशिप में महिलाओं की समान भागीदारी, विकास के नतीजों को बेहतर बनाएगी। इस मौके पर सीजेआई ने हंसा मेहता का भी जिक्र किया, जिन्होंने भारत में संविधान लागू होने से, भारतीय महिलाओं के अधिकारों का चार्टर तैयार किया था। उन्होंने कहा कि हंसा मेहता एक फेमिनिस्ट थीं, जिन्होंने यह मशहूर तर्क दिया कि पुरुषों के संदर्भों को मानवता के पर्याय के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ह्यूमन राइट्स के यूनिवर्सल डिक्लेरेशन का आर्टिकल 1 कहता है कि मानवाधिकार कहता है कि सभी इंसान स्वतंत्र और समान अधिकार के साथ पैदा हुए हैं। केवल पुरुष ही ऐसे नहीं हैं।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव पर चिदंबरम की सीधी बात, मौजूदा संविधान के तहत संभव नहीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने सोमवार को 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के मुद्दे पर केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मौजूदा संविधान के तहत यह संभव नहीं है। आप इसे लाना ही चाहते हैं तो इसके लिए कम से कम पांच संवैधानिक संशोधनों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन संवैधानिक संशोधनों को करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास लोकसभा और राज्यसभा में पर्याप्त संख्या नहीं है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारा इंडिया गठबंधन पूरी तरह से एक राष्ट्र-एक चुनाव का विरोध करता है। दरअसल, हाल ही में कई न्यूज रिपोर्ट्स में यह बात निकलकर सामने आई थी कि केंद्र सरकार एक राष्ट्र-एक चुनाव के विषय में इसी कार्यकाल में कुछ बड़ा फैसला ले सकती है। पीएम मोदी ने भी पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' का जोरदार समर्थन करते हुए दलील दी थी कि लगातार चुनाव देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न करते हैं।



**हम तो आरक्षण की सीमा खत्म करने की बात करते हैं :** भाजपा की तरफ से लगाए गए आरक्षण विरोधी होने के आरोपों को खारिज करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम वो लोग हैं जो कहते रहे हैं कि आबादी के अनुसार 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को निश्चित रूप से हटाया जाना चाहिए। हम वो हैं जो जाति जनगणना की बात करते हैं। हम कहते हैं कि आरक्षण निश्चित रूप से आबादी के अनुसार होना चाहिए। प्रधानमंत्री जो कहते हैं उनकी हर बात पर विश्वास नहीं करें। प्रधानमंत्री मोदी ने 15 सितंबर को कुरुक्षेत्र में एक रैली में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया था कि ''शाही परिवार'' की मंशा दलितों का आरक्षण खत्म करने की है। उन्होंने कहा कि जब तक वह यहां (केंद्र की सत्ता में) हैं, वह बी. आर. आंबेडकर द्वारा दिए गए आरक्षण के एक अंश को भी लूटने या हटाने की इजाजत नहीं देंगे। हरियाणा की धरती पर बैठे चिदंबरम ने मुख्यमंत्री कौन होगा वाले सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस में आम तौर पर यही होता है कि चुनाव संपन्न होने के बाद विधायक इकट्ठा होते हैं और उनसे उनकी प्राथमिकताएं पूछी जाती हैं। तब आलाकमान घोषणा करता है कि मुख्यमंत्री कौन होगा। मुझे लगता है कि हरियाणा में भी यही दोहराया जाएगा। इसके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए ककहा कि भाजपा डबल इंजन वाली सरकार चलाने की शेखी बघारती है। लेकिन इसकी हकीकत पूरा देश जानने लगा है एक सरकार बिना ईंधन की है दूसरे का इंजन ही पूरा खराब है। अब समय आ गया है कि जनता इन दोनों सरकारों को उठा कर कूड़े के ढ़ेर में फेंक दे।

## मणिपुर को लेकर अमित शाह का बड़ा ऐलान, लोगों को आसानी से मिलेंगे जरूरी सामान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर को लेकर बड़ी घोषणा की है. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार खोलकर मणिपुर के लोगों को उचित मूल्य पर आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है. गृह मंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि 21 मौजूदा भंडारों के अलावा 16 नई सुविधाएं खोली जाएंगी. उन्होंने कहा कि 16 में से आठ केंद्र पहाड़ी इलाकों में होंगे. अमित शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रतिबद्धता के अनुरूप, गृह मंत्रालय मणिपुर के लोगों को उचित मूल्य पर वस्तुएं उपलब्ध कराने की पहल शुरू कर रहा है. अब केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार आज 17 सितंबर 2024 से आम लोगों के लिए खुल जाएंगे. 21 मौजूदा भंडारों के अलावा 16 नए भंडार खोले जाएंगे. गृह मंत्री ने पोस्ट करते हुए लिखा कि 16 नए केंद्रों में से आठ घाटी में और शेष आठ पहाड़ी क्षेत्रों में होंगे. इससे पहले सोमवार 16 सितंबर को मणिपुर के बिष्णुपुर, इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व और थौबल जिलों में अधिकारियों ने मंगलवार को सुबह 5 बजे से शाम 6 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी है ताकि लोग दवाइयों सहित आवश्यक सामान खरीद सकें. चार जिलों के अधिकारियों ने लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध में ढील देने के आदेश जारी किए हैं. छूट किसी भी सभा, लोगों के बड़े पैमाने पर आवागमन,



धरना-प्रदर्शन या रैली आदि पर लागू नहीं होगी, जो गैरकानूनी है. इंफाल के पूर्वी जिले के जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश जारी करते हुए कहा कि 1 सितंबर से लोगों के अपने-अपने आवास से बाहर आवागमन पर प्रतिबंध लगाने के लिए निषेधाज्ञा जारी की गई है. आदेश में कहा गया है कि दवाओं और खाद्य पदार्थों आदि सहित आवश्यक वस्तुओं की सार्वजनिक खरीद को सुविधाजनक बनाने के लिए आवाजाही के प्रतिबंध में ढील देना आवश्यक है. जनता को सूचित किया जाता है कि इंफाल पूर्व में अपने-अपने आवासों से बाहर लोगों की आवाजाही पर लगाया गया प्रतिबंध 17 सितंबर, 2024 को सुबह 5 बजे से शाम 6 बजे तक जिले के सभी क्षेत्रों के लिए हटाया जा रहा है. बिष्णुपुर जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश में कहा कि 3 सितंबर को लगाए गए कर्फ्यू में मंगलवार से अपेक्षित अवधि के लिए ढील दी गई है।

# महबूबा मुफ्ती के लिए चुनाव अस्तित्व की लड़ाई, साउथ कश्मीर करेगा पीडीपी के भाग्य का फैसला

**अनंतनाग, एजेंसी।** पीडीपी के गढ़ दक्षिण कश्मीर में पहले चरण में 18 सितंबर को मतदान होगा। कश्मीर का चुनाव पीडीपी के भाग्य का फैसला करेगा। बनने के 25वें साल में पार्टी अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। अनंतनाग से एनसी से लोकसभा चुनाव हारने वाली महबूबा मुफ्ती ने विधानसभा चुनाव से किनारा कर लिया है और इसके बजाय पार्टी को बचाए रखने के लिए पूरे जोश के साथ प्रचार कर रही हैं। उनकी जगह पहली बार मैदान में उतरी उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती चुनावी राजनीति में शामिल होने वाली मुफ्ती परिवार की तीसरी पीढ़ी बन गई हैं और वह पीडीपी का गढ़ रही बिजबेहरा से टक्कर दे रही हैं। राजनीतिक विशेषज्ञों की माने तो पीडीपी जानती है कि उसके सामने गंभीर चुनौतियां हैं।÷ 1998 में दिल्ली में सत्ता में आने के बाद से कश्मीर की सभी क्षेत्रीय पार्टियों ने बीजेपी के साथ गठबंधन किया है। लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी का सौम्य चेहरा और कश्मीर में बीजेपी की महत्वाकांक्षा की कमी ने राजनीति को प्रभावित नहीं किया। इसके उलट पीएम मोदी की आक्रामकता निर्दलीय या इंजीनियर राशिद की एआईपी, गुलाम नबी आज़ाद की डीपीएपी या अपनी पार्टी जैसी नई पार्टियों के बारे में



संदेह पैदा कर रही है।

**2019 के बाद कमजोर पड़ी पीडीपी :** 2015 में पीडीपी ने बीजेपी के साथ गठबंधन किया और वह सत्ता में भी आई। कुछ लोगों का मानना ??है कि पीडीपी बीजेपी के साथ अपनी पिछली साझेदारी को आसानी से खत्म कर सकती थी, खासकर तब जब भाजपा ने 2018 में गठबंधन तोड़ दिया था। लेकिन अनुच्छेद 370 पर केंद्र के 2019 के फैसले और उसके बाद की सख्ती ने पीडीपी को फिर से कमजोर किया है। पार्टी अकेली दिखाई दे रही है जिसे हर तरफ से आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। इंजीनियर राशिद, जिन्होंने बारामुल्ला में जेल से ही एनसी के उमर अब्दुल्ला को हराकर लोकसभा चुनाव जीता था और जिन्होंने खुद को बेदाग के रूप में पेश किया है, पीडीपी और एनसी को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने 370 के बाद प्रतिरोध ब्लॉक के रूप में बनाए गए गुपकर गठबंधन के हिस्से के रूप में मुफ्ती संगठन के साथ गठबंधन करने के बाद खुद को उससे दूर कर लिया।

**निर्दलीय उम्मीदवारों से पीडीपी को सीधा नुकसान :** इसके अलावा इस साल प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी तीन दशकों के बाद निर्दलीय और राशिद के उम्मीदवारों का समर्थन करके और यहां तक कि अपने स्वयं के निर्दलीय उम्मीदवारों को मैदान में उतारकर चुनाव लड़ रही है। जमात के इस कदम का सीधा नुकसान पीडीपी को हो सकता है जिसे जमात के समर्थन से सालों तक बढ़ावा मिला था। अनंतनाग, कुलगाम, शोपियां और पुलवामा की सीटें तय करेंगी कि पीडीपी का भविष्य इस बढ़ती प्रतिस्पर्धा वाले क्षेत्र में है या नहीं। हाल ही में महबूबा ने 1999 में पीडीपी की स्थापना का जिक्र करते हुए दो पार्टी राजनीतिक संस्कृति को बदलने के लिए लोगों की तारीफ करके भावनात्मक रूप से लोगों को अपनी तरफ करने की कोशिश की।

## संक्षिप्त समाचार

### बाबर आजम की टीम बुरी तरह हारी, कप्तान बोला-मैं हारकर बहुत खुश हूं



लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान में चल रहे चैंपियंस वनडे कप में चौथे मुकाबले में कुछ ऐसा हुआ जिसपर यकीन कर पाना बेहद मुश्किल है. इस मैच में मारखोर्स की टीम ने स्टैलियंस को एकतरफा अंदाज में 126 रनों से हरा दिया. मारखोर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 231 रन बनाए और जवाब में स्टैलियंस की टीम सिर्फ 105 रनों पर ढेर हो गई. स्टैलियंस की टीम में शान मसूद, बाबर आजम जैसे खिलाड़ी थे लेकिन इसके बावजूद टीम 23.4 ओवर में ही ढेर हो गई. यहां बड़ी बात ये है कि टीम के कप्तान मोहम्मद हारिस हार के बाद बेहद खुश नजर आए और उन्होंने कहा कि वो हारकर बेहद खुश हैं. हार के बाद हारिस का अजीबोगरीब बयान मोहम्मद हारिस ने हार के बाद कहा कि उनसे कोई गलती नहीं हुई. हारिस बोले, 'वो टीम की ताकत चेक कर रहे थे.पहले मैच में अपने पहले बैटिंग की और इस बार हमने सोचा कि इस बार स्कोर चेज करते हैं. हमें पता चल गया है और मुझे खुशी है कि हम हार गए.' मोहम्मद हारिस को इस बयान के बाद काफी ट्रोल किया जा रहा है. कई फैंस ने तो उन्हें बात कहने और करने की ट्रेनिंग की सलाह दे दी.

रिजवान के सामने हारी बाबर की टीम

इस मुकाबले की बात करें तो मारखोर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 231 रन बनाए. इफ्तिखार अहमद ने सबसे ज्यादा 60 रनों की पारी खेली. सलमान आगा ने 51 रन बनाए. रिजवान ने 33 रनों का योगदान दिया. हालांकि इसके बावजूद टीम 231 रन ही बना सकी. लेकिन हद तो तब हो गई जब स्टैलियंस टीम महज 105 रनों पर ढेर हो गई. बाबर आजम ने 45 रनों की पारी खेली और उनके अलावा दूसरा कोई बल्लेबाज नहीं चला.शान मसूद 19 रनों का योगदान दे पाए. कप्तान हारिस खुद 3 ही रन बना सके. बाबर आजम की टीम पर जाहिद महमूद का कहर बरपा जिन्होंने अपनी लेग स्पिन के दम पर 4 ओवर में 18 रन देकर 5 विकेट झटके.

### श्रेयस अय्यर की इस साल नहीं होगी टेस्ट टीम में वापसी?



नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर बीते साल भारत में हुए वर्ल्ड कप के बाद से अच्छे फॉर्म में नहीं है। अय्यर बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से भी बाहर हो चुके हैं। यह खिलाड़ी अब घरेलू क्रिकेट के जरिए टीम इंडिया में वापसी की कोशिश कर रहा है। हालांकि दलीप ट्रॉफी में श्रेयस अय्यर की कमी उजागर हुई जिसे देखकर इस साल उनकी टेस्ट टीम में वापसी संभव नहीं है।

श्रेयस अय्यर की नहीं होगी टेस्ट टीम में वापसी खबर के मुताबिक दलीप ट्रॉफी में श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन से बीसीसीआई अधिकारी खुश नहीं है। टेलीग्राफ ने बीसीसीआई अधिकारी के हवाले से लिखा, 'इस समय श्रेयस अय्यर की टेस्ट टीम में जगह नहीं है। वह किसकी जगह लेंगे। इसके अलावा दलीप ट्रॉफी में उनका शॉट सेलेक्शन अच्छा नहीं था। खासतौर पर रविवार को जब वह सेट थे और फ्लैट पिच पर खेल रहे थे, तब वह वैसा शॉट खेलकर आउट नहीं हो सकते। आपको मौके का फायदा उठाना चाहिए।'

**अय्यर के शॉट सेलेक्शन पर सवाल**

अय्यर बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी की गेंद पर आउट हुए थे। वह पुल करने की कोशिश कर रहे थे और बोल्ड हो गए। उन्होंने 41 रन बनाए थे।

# भारत ने चीन को 1-0 से हराकर खिताब पर किया कब्जा



## एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी

नई दिल्ली, एजेंसी। एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने मेजबान चीन को 1-0 से मात देकर शानदार जीत दर्ज की और टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। इस रोमांचक मुकाबले में भारत की और से जुगराज सिंह ने गोल किया है।

भारतीय टीम की इस जीत ने एक बार फिर एशिया में उसकी हॉकी की बादशाहत साबित कर दी है। भारतीय खिलाड़ियों ने पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया और चीनी डिफेंस को बार-बार चुनौती दी।

भारत ने एशियन हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी 2024 के सेमीफाइनल में कोरिया को 4-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया था। जबकि जबान चीन की टीम ने एक बड़ा उलटफेर करते हुए पाकिस्तान को हराकर एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली थी।

पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत पांच मैचों में पांच जीत के साथ शानदार फॉर्म में है। उसने चीन को 3-0 से हराया, जापान को 5-1 से हराया और मलेशिया को 8-1 से हराया। फॉर्म में चल रहे ड्रैग फ्लिक स्टार हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने कोरिया को 3-1 से हराया और फिर पाकिस्तान को 2-1 से हराया।

# विराट कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज 27,000 रन बनाने के करीब

## सचिन का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए चाहिए इतने रन



नईदिल्ली, एजेंसी। विराट कोहली ने इंटरनेशनल क्रिकेट में कई बेहतरीन रिकॉर्ड्स अपने नाम कर रखे हैं। कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज 16,000, 17,000, 18,000, 19,000, 20,000, 21,000, 22,000, 23,000, 24,000, 25,000 औ 26,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं और अब बारी सबसे तेज 27,000 रन बनाने की है। कोहली अपने इस रिकॉर्ड से बस थोड़ा सा ही पीछे हैं और वो सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ने की दहलीज पर खड़े हैं जिन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज 27,000 रन बनाने का कमाल किया था। इंटरनेशनल क्रिकेट में विराट कोहली ने अब तक 591 पारियों में 26,942 रन बनाए हैं और उन्हें 27,000 रन बनाने के लिए 58 रन की जरूरत है। इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 27,000 रन बनाने का कमाल सचिन तेंदुलकर ने 623 पारियों में किया था। अब अगर विराट कोहली बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान 58 रन जैसे ही बनाएंगे वो सचिन तेंदुलकर से आगे निकल जाएंगे और सबसे तेज 27,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। वैसे बांग्लादेश के खिलाफ कोहली इस रिकॉर्ड को आसानी के साथ अपने नाम करने में कामयाब हो जाएंगे।

इंटरनेशनल क्रिकेट में कोहली से पहले 27,000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में सिर्फ 3 खिलाड़ी आगे हैं और वो खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर, कुमार संगकारा और रिकी पोंटिंग हैं। कोहली 58 रन बनाते ही इन दिग्गज खिलाड़िओं की एलीट लिस्ट में भी शामिल हो जाएंगे।

इसके अलावा विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट में 9,000 रन पूरे करने के भी काफी करीब हैं और इसके लिए उन्हें 152 रन की जरूरत है। कोहली 152 रन बनाते ही भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में 9,000 रन बनाने वाले चौथे बल्लेबाज बन जाएंगे। भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में 9,000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ हैं।

# बांग्लादेश के खिलाफ रोहित शर्मा रच देंगे इतिहास



नईदिल्ली, एजेंसी। करीब 6 महीनों के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर भारतीय क्रिकेट टीम टेस्ट क्रिकेट खेलती हुई दिखेगी. गुरुवार 19 सितंबर से टीम इंडिया और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत होगी, जिसका पहला मैच चेन्नई में खेला जाएगा. चेन्नई का ये वही मैदान है, जो टीम इंडिया के कई ऐतिहासिक टेस्ट मैच का गवाह बना है. इसी मैदान पर करीब 15 साल पहले वीरेंद्र सहवाग ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 319 रन की यादगार पारी खेलकर इतिहास रचा था. अब इसी मैदान पर उनका एक शानदार रिकॉर्ड टूटने की कगार पर है और ये काम करने वाले हैं टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा. बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में ही रोहित टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्कों के सहवाग के भारतीय रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं.

चेपॉक स्टेडियम में 19 सितंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच में कई रिकॉर्ड्स दांव पर रहेंगे. विराट कोहली हों या रवींद्र जडेजा या फिर यशस्वी जायसवाल, कई भारतीय खिलाड़ियों के पास रिकॉर्ड बुक में अपना नाम लिखवाने का मौका होगा. जहां विराट और यशस्वी के पास बल्लेबाजी में इतिहास रचने का मौका होगा तो वहीं रवींद्र जडेजा गेंदबाजी से अपने नाम खास रिकॉर्ड कर सकते हैं. वहीं टीम इंडिया के पास भी 92 साल में पहली बार हार से ज्याजा जीत दर्ज करने का मौका है.

बाकी खिलाड़ियों की तरह कप्तान रोहित शर्मा भी इस सीरीज में टेस्ट क्रिकेट में छक्के जड़ने का रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं. भारतीय कप्तान के नाम अभी तक 59 टेस्ट मैच में की 101 पारियों में 84 छक्के जमाए हैं और भारतीय खिलाड़ियों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं. रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में पूर्व कप्तान एमएस धोनी (78) को पीछे छोड़ा था और अब उनकी नजरें सहवाग पर हैं. पूर्व दिग्गज ओपनर सहवाग ने 104 टेस्ट में कुल 91 छक्के जमाए हैं, जिसमें से 90 भारत के लिए आए थे, जबकि एक एशिया इलेवन की तरफ से लगाया था.

यानि रोहित को सिर्फ 7 छक्कों की जरूरत है और वो चेन्नई टेस्ट में ही ऐसा कर सकते हैं. ये 7 छक्के जमाते ही वो टेस्ट में भी सबसे ज्यादा छ्क्के जमाने वाले भारतीय बन जाएंगे.

### जायसवाल के पास भी अच्छा मौका

रोहित के नाम पहले से ही वनडे और टी20 में न सिर्फ टीम इंडिया के लिए बल्कि पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड है. ऐसे में तीनों फॉर्मेट में भारत के लिए सबसे सफल सिक्स हिटर का रिकॉर्ड अब पूरी तरह रोहित के नाम होने वाला है.

वैसे सिर्फ रोहित ही नहीं, बल्कि छक्के जमाने के मामले में यशस्वी जायसवाल भी एक रिकॉर्ड के करीब हैं. यशस्वी ने इस साल टेस्ट मैचों में 26 छक्के जमाए हैं और सिर्फ 8 छक्के जमाते ही वो एक साल में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने के ब्रैंडन मैक्कलम (33) के रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं.

## मुझे मोहम्मद सिराज के साथ लड़ाई करना अच्छा लगता है : मार्नस लाबुशेन

नईदिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मार्नस लाबुशेन ने बहुप्रतीक्षित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की प्रशंसा की है। नवंबर 2024 में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में दोनों



खिलाड़ी अपनी टीमों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे क्योंकि भारत ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा।

लाबुशेन ने सिराज के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे संबंधों पर बात करते हुए कहा, मुझे मोहम्मद सिराज के साथ लड़ाई करना अच्छा लगता है। हम पहली बार तब मिले थे जब वह रूक्स पेस अकादमी के साथ काम कर रहे थे, और यह देखना बहुत अच्छा रहा कि तब से हमारे करियर में किस तरह से प्रगति हुई है। लाबुशेन ने मैदान पर सिराज के जुनून और ऊर्जा की प्रशंसा की, और बताया कि एक क्रिकेटर के रूप में वह कितना विकसित हुआ है। उन्होंने कहा, वह खेल के प्रति बहुत ऊर्जा और प्यार लेकर आता है। उसे विकसित होते देखना रोमांचक है।

## अहम मैचों में ड्रैग न हो इसलिए मेंटल हैल्थ पर कर रहे काम: हरमनप्रीत

मुंबई, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि भारतीय खिलाड़ी लंबे समय से मानसिक रूप से मजबूत (मेंटल हैल्थ) बनने पर काम कर रहे हैं जिससे उन्हें अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में मदद मिलेगी। भारत 2020 में टी20 विश्व कप में उपविजेता रहा था। उसे छह बार के विजेता और मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, श्रीलंका और न्यूजीलैंड के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। हरमनप्रीत ने कहा कि भारतीय खिलाड़ी मानसिक रूप से मजबूत बनने पर काम कर रहे हैं ताकि मैच के महत्वपूर्ण अवसरों पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें।



उन्होंने कहा,''हम लंबे समय से मानसिक मजबूती पर काम कर रहे हैं। मैच के दौरान आखिरी 3-4 ओवर बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। टी20 क्रिकेट कोई छोटा प्रारूप नहीं है क्योंकि आखिरकार आप इसमें 40 ओवर खेलते हैं। हरमनप्रीत ने कहा कि मैच के आखिरी 4-5 ओवर में मानसिक रूप से मजबूत टीम बाजी मारती है। हम पिछले कुछ समय से इस पर ध्यान दे रहे हैं।

अगर हम इन आखिरी पांच ओवर में मानसिक रूप से मजबूत बने रहते हैं तो फिर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं। भारतीय टीम के फाइनल में लचर प्रदर्शन पर चर्चा होती रही है। उसे 2020 में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से 85 रन से हार का सामना करना पड़ा था जबकि वनडे विश्व कप 2017 के फाइनल में वह इंग्लैंड से केवल नौ रन से हार गई थी।

यहां तक कि राष्ट्रमंडल खेल 2022 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को नौ रन से हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

### अमेरिका का ऑलराउंड प्रदर्शन

## विश्वकप लीग 2 एकदिवसीय मैच में नामीबिया को हराया



विंडहोक, एजेंसी। गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद कप्तान मोनांक पटेल (72) और साई तेजा एम (नाबाद 59) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर अमेरिका ने सोमवार को विश्वकप लीग 2 एकदिवसीय मुकाबले नामीबिया को सात विकेट से हरा दिया है।

200 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेरिका की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 57 के स्कोर पर अपने दो विकेट खो दिए थे। स्मित पटेल (9) और सुशांत मोदानी (36) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मोनांक पटेल ने साई तेजा एम ने मोर्चा संभाला और अपनी टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। मोनांक पटेल (72) रन बनाकर आउट हुए। साई तेजा एम (नाबाद 59) और शयन जहांगीर (नाबाद 21) ने अमेरिकी टीम को 41.3 ओवर में चार विकेट पर 200 रन बनाकर सात विकेट से जीत दिला दी। नामीबिया की ओर से एराड इरास्मस ने दो विकेट लिए। तांगेनी लूंगामेनी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। अमेरिका की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी नामीबिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 19के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिए। माइकल वैन लिंगेन (5) और जेपी कट्जी (8) रन बनाकर आउट हुए। यान फ्रायलिंक और कप्तान एराड इरास्मस ने पारी को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट लिये 75 रन जोड़े। यान फ्रायलिंक (70) और एराड इरास्मस (27) बनाकर आउट हुये। अमेरिकी गेंदबाजों के आगे नामीबिया का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। जेजे स्मिट ने (49) और निकोल लॉफ्टी-ईटन (17) रनों की पारी खेली।

नामीबिया ने निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट पर 199 का स्कोर खड़ा किया। अमेरिका की ओर से सौरभ नेत्रवलकर, हुवानॉय ड्राइसडेल और मिलिंद कुमार ने दो-दो विकेट लिए।



# अर्जुन तेंदुलकर ने लिए 9 विकेट

## गोवा सीए एकादश की बड़ी जीत

अलूर (कर्नाटक), एजेंसी। अर्जुन तेंदुलकर ने डॉ. (कैप्टन) के थिमप्पैया स्मारक टूर्नामेंट में मेजबान कर्नाटक के खिलाफ 9 विकेट झटक कर गोवा को पारी और 189 रन से बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। घरेलू सत्र से पहले होने वाले इस आयोजन को केएससीए (कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ) आमंत्रण टूर्नामेंट के नाम से भी जाना जाता है। केएससीए एकादश की टीम में निकिन जोश और विकेटकीपर शरत श्रीनिवास के अलावा सभी खिलाड़ी अंडर 19 और अंडर 23 टीम से थे। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन ने इस मैच की दोनों पारियों में 26.3 ओवर की गेंदबाजी की और 87 रन देकर 9 विकेट लिए।

अर्जुन ने पहली पारी में 13 ओवर में 41 रन देकर 5 विकेट लिए जिससे कर्नाटक की टीम महज 103 रन पर सिमट गई। गोवा सीए एकादश ने अभिनव तेजराणा की 109 रन की पारी के दम पर 413 रन बनाए। केएससीए की दूसरी पारी 30.4 ओवर में 121 रन पर सिमट गई। अर्जुन ने इस दौरान 13.3 ओवर में 46 रन देकर 4 विकेट लिए। अर्जुन ने प्रथम श्रेणी के 13 मैचों में 21 विकेट लिए हैं। अर्जुन ने मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में डेब्यू 23 साल की उम्र में किया। उनके पिता सचिन तेंदुलकर भी मुंबई इंडियंस से 76 मैच खेलते हुए 2281 रन बना चुके हैं। 16 अप्रैल को अर्जुन ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल डेब्यू किया और 2 ओवर में 17 रन दिए थे। इसके बाद अगले मुकाबले में 2.5 ओवर में 18 रन देकर एक विकेट लिया।

सचिन ने अब तक आईपीएल में गेंदबाजी नहीं की थी लेकिन अर्जुन गेंदबाजी करते हुए विकेट लेने में सफल रहे। 13 दिसंबर 2022 को तेंदुलकर ने रणजी ट्रॉफी में राजस्थान के खिलाफ खेलते हुए प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया। उन्होंने पहली पारी में 207 गेंदों में 120 रन बनाते हुए पहला शतक बनाया।

# सरपंच का बड़ा कारनामा, निजी भवन को शासकीय बताकर हड़पनें की कर रहे कार्यवाही



**पन्ना।** जिले की गुनौर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत महेवा के सरपंच राजेश व्यास द्वारा मनमाने ढंग से झूठे दस्तावेजो को लगाकर स्थानीय व्यक्ति के निजी भवन को सरकारी बताकर झूठे दस्तावेजो के आधार पर वरिष्ट अधिकारीयों को गुमराह किया जा रहा है तथा उक्त पुराने पंचायत भवन को हडपने की तैयारी कर रहा है। जबकी संबंधित भवन स्वामी अरविन्द पचौरी के पास सन् 1958 से लेकर सभी प्रकार के दस्तावेज उपलब्ध है। जो उन्होने खरीदी गई जमीन पर भवन का निर्माण कराकर ग्राम पंचायत संचालन के लिए भवन दिया गया था। भवन स्वामी अरविन्द पचौरी द्वारा जिला कलेक्टर सहित वरिष्ट अधिकारीयों के नाम किये गये पत्रचार में उल्लेख किया गया कि, जिस पुराने भवन में ग्राम पंचायत संचालित हो रही थी तथा उसी में बाद मे पुलिस चौकी का भी संचालन किया गया। वह हमारी पैत्रिक जमीन है, तथा हमारे पिता जी द्वारा क्रय की गई थी। जिसके सभी दस्तावेज उपलब्ध है। उक्त जमीन सन् 1963 में बहोरे पिता रूकमणि बानिया निवासी महेवा से मदन मोहन पचौरी पिता छोटेलाल पचौरी द्वारा दो सौ रूपये मे खंडहर रूपी मकान खरीदा गया था। उक्त खंडहर मकान को दुरूस्थ कराकर मेरे पिता मदन मोहन पचोरी द्वारा 16 मार्च 1964 को ग्राम पंचायत संचालन के लिए तत्कालीन सरपंच जगमोहन व्यास को ग्राम पंचायत कार्यालय संचालन के लिए दिया गया था। जिसमें अनेक शर्तो का भी हलपनामा मे उल्लेख किया गया था। जिसमें लेख किया गया था, कि मकान मालिक को किराया देना होगा, मकान मालिक ने दिये हुए मकान में कार्यालय ग्राम पंचायत भवन लिखे जाने की अनुमति दी गई थी तथा उसमें यह भी उल्लेख किया गया था कि कोई बाद विवाद हुआ तो उसकी जिम्मेवारी ग्राम पंचायत की होगी। मरम्मत भी गाम पंचायत को कराना होगा, तथा जब भी भवन की आवश्यकता होगी मकान खाली करना पड़ेगा। उक्त तमाम शर्तो का भी शपथ पत्र मे उल्लेख किया गया है। उसी भवन में ग्राम पंचायत कार्यालय महेवा लगातार संचालित होता रहा, सन् 1981 में पुलिस चौकी भी स्वीकृत हुई थी, जिसके संचालन के लिए ग्राम पंचायत संबंधित मकान में वैकल्पिक तौर पर आधे हिस्से में पुलिस चोकी का भी संचालन होता रहा। इसके बाद 1998 में पंचायत भवन का नवीन शासकीय भवन बन कर तैयार हो गया था। जिसमें ग्राम पंचायत कार्यालय संचालित होने लगा तथा उक्त पुराने निजी मकान में पुलिस चौकी का संचालन होता रहा है। जिसके संबंध में भवन स्वामी अरविन्द पचौरी द्वारा समय समय पर भवन खाली कराने के संबध में ग्राम पंचायत कार्यालय तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं पुलिस चौकी को पत्रचार के माध्यम से भवन खाली कराने के संबध में अवगत कराया गया। इसी वर्ष पुलिस चौकी का भी नवीन भवन बनकर तैयार हो गया, जिसमें पुलिस चोकी संचालित होने लगी तथा उक्त पुराने भवन को खाली कर दिया गया। लेकिन सरपंच राजेश व्यास द्वारा फर्जी रूप से दस्तावेज लगाकर वरिष्ट अधिकारीयों को पत्रचार करना प्रारंभ कर दिया गया कि उक्त पुराना जो भवन था वह निजी नही शासकीय ग्राम पंचायत का है। जबकी कोई भी दस्तोवेज शासकीय भवन के नाम के नही है। जबकी भूमि स्वामी अरविन्द पचौरी द्वारा अपने भवन को खाली कराने के संबंध मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कलेक्टर कार्यालय सहित अन्य वरिष्ट अधिकारीयो को दस्तावेज लगाकर पत्राचार किये गये। उसके तारतम्य में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जनपद पंचायत गुनौर को पत्र लिखकर संबंधित निजी भवन भवन स्वामी को सौपने के निर्देश भी सचिव एवं सरपंच को दिये गये। लेकिन सरपंच द्वारा उक्त भवन संबंधित को हस्तानान्तरित न करके झूठी शिकायत करके बाधा उत्पन्न की गई है। जबकी ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व में ही पत्र के माध्मय से अवगत कराया गया था कि यह निजी भवन है, शासकीय होने के कोई भी दस्तावेज ग्राम पंचायत कार्यालय के पास उपलब्ध नही है। लेकिन उसके बावजूद सरपंच द्वारा मनमाने ढंग से संबंधित भवन खाली नही किया जा रहा है तथा बाधा उत्पन्न की जा रही है।

जबकी भवन स्वामी अरविन्द पचौरी द्वारा उक्त भवन में विद्युत कनेक्शन करा लिया गया है तथा भवन को गिराकर पुन: बनाने के लिए मंजूरी भी प्राप्त कर ली गई है। लेकिन संबंधित सरपंच द्वारा राजनैतिक द्वेष के चलते अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। संबंधित भवन स्वामी ने वरिष्ट अधिकारीयों से भवन खाली कराने एवं सरपंच के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

# जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा अमानगंज के नए भवन का हुआ लोकार्पण





**पन्ना।** अमानगंज तहसील मुख्यालय में स्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा के लिए बैंक प्रबंधन के माध्यम से नवीन भवन बनकर तैयार हो गया है। जिसका लोकापर्ण मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस. के. कनौजिया द्वारा फीत काटकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यपर्ण तथा दीप प्रजव्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात् शाखा प्रबंधक एवं बैंक कर्मचारीयों द्वारा मुंख्य अतिथि एवं उपस्थित अतिथियों का मालापर्ण के साथ स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि किष्णगढ़ रोड़ पर बैंक शाखा का नया भवन तैयार हुआ है। उसी भवन में अब बैंक संचालित होगा। पूर्व में उक्त बैंक शाखा निजी भवन में चल रही थी। भवन छोटा होने के कारण आम उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसके.कनौजिया ने अपने उद्बोधन में कहा पुराने भवन में व्यवस्थाएं नहीं बन पा रही थी जगह कम थी इसलिए बैंक को किशनगढ़ रोड अमानगंज नए भवन में शिफ्ट किया गया है, उपस्थित किसानों को सहकारी बैंक की योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा की उपभोक्ताओं को अमानगंज बैंक शाखा में बेहतर सुविधाए उपलब्ध कराई जायेगीं तथा बैंक के सभी कार्य पारदर्शिता ढंग से संचालित होगें। उक्त कार्यक्रम मे अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमे मुख्य रूप से जयप्रकाश चतुर्वेदी, अमित श्रीवास्तव सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जय नारायण पाठक शाखा प्रबंध, रामशरण तिवारी (पुलु) संजय रावत, देवेंद्र राजपूत सहित समस्त बैंक स्टाफ एवम किसानों की उपस्थिति रही कार्यक्रम का सफल संचालन राजदीप गोस्वामी के द्वारा किया गया।

## शासकीय माध्यमिक विद्यालय मडला में मध्यान भोजन वितरण व्यवस्था में भारी लापरवाही

**पन्ना।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय मंडला जहां पर मध्यान भोजन छात्र छात्राओं को खुले वातावरण में मैदान में वितरित किया जा रहा है। जहां पर भारी मात्रा में गंदगी का अंबार है, तथा आस पास नाली एवं कचरा होने के कारण बदबू भी फैली हुई है, इसी वातावरण में भोजन का वितरण किया जाता है। जिससे बच्चों को बीमार होने की आशंका लगातार बनी रहती है।

# भारतीय किसान संघ ने सौपा ज्ञापन



**पन्ना।** किसानो की विभिन्न मुद्दो को लेकर भारतीय किसान संघ नें मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर पन्ना को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में अनेक बिन्दुओं का उल्लेख किया गया है। जिसमें सोयाबीन का समर्थन मूल्य लागत की तुलना में बहुत कम है, जिसें बड़ाया जाये तथा प्रति क्विंटल 12 सौ रूपये का अनुदान देने एवं घोषित समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चत की जाये। आयात निर्यात नीति कृषी के अनुरूप बनाई जाये। बीजो एवं उर्वरको के मानक प्रमाणिकता सत्यापन के उपरांत बाजार में बेंचने की अनुमति प्रदान की जाये। अति वृष्टी से किसानो की खरीफ की फसल नष्ट हुई है, जिसमें तत्काल सर्वे काराकर मुआवजा राशि प्रदान की जायें। उक्त तमाम बिन्दुओं को लेकर भारतीय किसान संघ के पदाधिकारीयों द्वारा ज्ञापन सौपा गया है। उक्त ज्ञापन के दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें मुख्य रूप से जगदीश पटेल, इन्द्रपाल पटेल, राम कृपाल पटेल, रवीकरण, राजूलाल, मनोज कुमार, रतन लाल, मंगल, पुरषोत्तम पटेल, सहित भारी संख्या में किसान उपस्थित रहें।

# ग्राम पंचायत भटिया में सीसी सड़क निर्माण कार्य मे व्यापक भ्रष्टाचार



**पन्ना।** गुनौर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत भटिया में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क अवसंरचना योजन के अन्तर्गत 23 लाख की लागत से सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार किया गया है। स्थानीय लोगो ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार का वेश नही ड़ाला गया है मनमाने ढंग से सड़क का निर्माण किया जा रहा है। गुणवत्ताविहीन मटेरियल का उपयोग लगातार किया जा रहा है। इस संबंध में वरिष्ट अधिकारीयों से शिकायते भी भेजी गई है लेकिन उसके बावजूद संबंधित मामले में कार्यवाही नही हो रही है। ग्राम पंचायत में पदस्थ सरपंच अशिक्षित तथा दलित महिला है, सचिव पदस्थ नही है, सचिव का प्रभार रोजगार सहायक शकील खान लिए हुए है, जिनके द्वारा मनमाने ढंग से निर्माण कार्य कराये जा रहें है। मनरेगा योजना, पन्द्रहवें वित्त, पंच परमेश्वर, विधायक निधी, सासंद निधी सहित अन्य योजना के तहत निर्माणाधीन कार्यो में व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। स्थानीय लोगो ने संबंधित मामले की जांच कराये जाने तथा कार्यवाही करने की मांग की है।

## गायत्री महायज्ञ को लेकर बैठक संपन्न



**पन्ना।** गायत्री परिवार शाखा अमानगंज की तहसील स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी समय में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के संबंध मे विस्तार से चर्चा की गई। उक्त बैठक बाला जी मंदिर प्रांगण में की गई। बैठक मे प्रमुख रूप से संभाग सागर से आए दिनेश द्विवेदी, एलडी सिंह, अमानगंज समिति के सदस्य आरपी दुबे, कंचन कंथरिया, संतोष शर्मा लखन लाल तिवारी, सौरभ तिवारी, नीरज बड़ेरिया, शिवम शुक्ला, धीरज बडेरिया, राजेंद्र अग्रवाल, लल्लू लाल रावत, हरिकांत रेजा, इंद्राजीत चौरसिया, प्रमोद वर्मा, सुरेश डेंगरे सहित अन्य गायत्री परिजन उपस्थित रहे।

## श्री जुगल किशोर जी मंदिर में जन सहयोग से शिव महा पुराण कथा का किया गया आयोजन



**पन्ना।** श्री जुगुल किशोर जी मन्दिर प्रागंण में जन सहयोग से शिव पुराण कथा का आयोजन किया गया है। उक्त कथा का वाचन डॉक्टर भार्गव नन्दन वाराणसी के द्वारा किया जा रहा है साथ ही पार्थिव शिव लिंग निर्माण पूजन भी किया जा रहा है। इस दौरान कथा वाचक श्री भार्गव नें कहा कि ज्योति लिंग की महिमा का वर्णन विस्तृत रूप सार गर्वित विचारों को अमृत मई वाणी से ब्यक्त किया। इस दौरान भारी संख्या में धर्म प्रेमी लोग उपस्थित रहें।

# रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव के लिए 294 उद्यमियों ने कराए पंजीयन

## निवेश प्रोत्साहन केन्द्र की स्थापना

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आगामी 27 सितम्बर को सागर में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव के लिए अब तक जिले के 294 उद्यमियों द्वारा पंजीयन कराया गया है। कॉन्क्लेव में शामिल होने के इच्छुक अथवा बायर सेलर मीट में सहभागिता तथा प्रदर्शनी के लिए अब 17 सितम्बर तक पंजीयन कराया जा सकता है। जिलों में स्थानीय उद्योग की स्थापना के लिए निवेश प्रोत्साहन एवं रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव आयोजित की गई है।

जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र के महाप्रबंधक राहुल दुबे ने बताया कि जिला स्तर पर निवेश को सुगम बनाने तथा आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र पन्ना कार्यालय के कक्ष क्रमांक 2 मीटिंग हॉल में निवेश प्रोत्साहन केन्द्र की स्थापना भी की गई है। इसके लिए संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम को नोडल अधिकारी एवं समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। समिति में बतौर सदस्य सचिव महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र पन्ना शामिल हैं। क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व, वन मंडल अधिकारी उत्तर एवं दक्षिण वन मंडल, संयुक्त संचालक उद्योग परिक्षेत्रीय उद्योग कार्यालय सागर, कार्यकारी संचालक म.प्र. औद्योगिक विकास निगम सागर, क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण मंडल सागर, अधीक्षण अभियंता म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी पन्ना, सहायक आयुक्त राज्य कर/वाणिज्यिक कर अधिकारी पन्ना, जिला अधिकारी श्रम विभाग, जिला अग्रणी प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक, जिला खनिज अधिकारी तथा परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण एवं संबंधित निवेश क्षेत्र के नगरीय निकाय के सीएमओ को समिति में सदस्य का दायित्व सौंपा गया है।

## ईद मिलादुन्नवी के अवसर पर ग्राम भटिया में निकला जुलूस



**पन्ना।** पन्ना जिले की गुनौर जनपद पंचायत अन्तर्गत मुस्लिम बहुल्य ग्राम भटिया में ईद मिलादुन्नवी के अवसर पर विशाल जुलूस ग्रामवासीयों द्वारा निकाला गया तथा इस दौरान ग्राम में लोगो को विभिन्न प्रकार का प्रसाद वितरण किया गया एवं एक दूसरे के गले मिलकर ईद मिलादुन्नवी की शुभ कामनाए दी गई। ईद मिलादुन्नवी के अवसर पर नगर मे झंडा बेनर लगाये गये थे तथा रोशनी से सजावट की गई थी। इस दौरान लोगो द्वारा अमन चैन की दुआए मांगी गई।

# पन्ना, गुन्नौर विधायक आरती में हुए शामिल

## समिति ने गणेश मंदिर बनाए जाने का रखा प्रस्ताव

**अमानगंज**



पन्ना जिले के अमानगंज नगर में धर्म और आस्था हर त्यौहार में देखने को मिलती है हर वर्ष गणेश उत्सव में यहां सारे नगर में भगवान प्रथम पूज्य की चारो ओर भक्ति घर-घर में होती है नीलकमल गणेश उत्सव समिति मटकी चौराहा लंबे समय से प्रथम पूज्य गणेश जी की स्थापना स्थानीय क्षेत्रीय समिति के सदस्यों द्वारा की जाती है महा आरती में हर वर्ष यहां 11 हजार 11 सो11 लड्डुओ का प्रसाद समिति के द्वारा पूर्ण उत्साह के साथ लगाया जाता है सारे नगर से माताएं बहने महा आरती में शामिल होती हैं इस बार समिति द्वारा पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह और गुन्नौर विधायक राजेश जी वर्मा को अपना विशेष अतिथि बनाया दोनों की उपस्थिति में महा आरती का आयोजन हुआ और प्रसाद प्रथम पूज्य को अर्पण करने के बाद आम जनता भक्तों में बांटा गया इस मौके पर समिति ने अपना प्रस्ताव रखा की लंबे समय से यहां गणेश जी के साथ स्थापना हो रही है यहां एक स्थाई गणेश मंदिर का निर्माण हो जाए तो आम जनता का एक बड़ा सपना पूरा हो सकता है इस विषय पर कार्यक्रम के उपस्थिति दुय अतिथियों ने अपने अपने उद्बोधन के माध्यम से उपस्थित भक्त जनों को गणेश उत्सव की बधाई देने के साथ ही कहा कि यहां जो मंदिर निर्माण होगा हम भरपूर इसमें सहायता देंगे साथ ही मंदिर निर्माण का प्रयोजन समिति तैयार कर ले और जब भी उसे आवश्यकता हो हमें याद कर ले आरती के पहले और बाद में यहां भजन पार्टी द्वारा अपने-अपने सुंदर आकर्षक भजन भक्तों के बीच प्रस्तुत किए गए आयोजन में नगर निकाय अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक, वरिष्ठ भाजपा नेता जयप्रकाश चतुर्वेदी भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत चतुर्वेदी कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक पार्षद मुकेश जी डॉ राघव ताम्रकार श्री चंद छरोलिया सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# शालाओं में शुरू हुआ स्वच्छता ही सेवा अभियान

## राज्य शिक्षा केन्द्र ने जिला कलेक्टर्स को जारी किये निर्देश

**पन्ना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को 2 अक्टूबर उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित किये जाने के लिये प्रदेश की शालाओं में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान शुरू हुआ। अभियान के दौरान निरंतर प्रत्येक दिन सफाई पर केन्द्रित गतिविधियाँ आयोजित की गई। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र ने जिला कलेक्टर्स को निर्देश जारी किये हैं।

अभियान के पहले दिन 17 सितंबर को सभी शालाओं में स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की शपथ विद्यार्थियों को दिलाई गई। शपथ समारोह में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं आसपास की बसाहट के नागरिक भी शामिल हुए। 18 एवं 19 सितंबर को शालाओं एवं छात्रावासों के ब्लैक स्पॉट चिन्हिंत किये जायेंगे, जहाँ विशेष सफाई की आवश्यकता है। यहाँ सफाई की योजना बनाकर सामूहिक भागीदारी से कार्य किया जायेगा। अभियान में 20, 21 और 22 सितंबर को स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता थीम पर प्रत्येक शाला में निबंध, कविता, स्लोगन लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जायेंगी। इन्हीं दिनों आमजन को स्वच्छता के महत्व को समझाने के लिये मानव श्रृंखला भी बनाई जायेगी।

अभियान में 23 सितंबर को छात्रावास और शालाओं में एक पेड़ माँ के नाम पर पौधरोपण के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। पर्यावरण पर केन्द्रित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ भी होंगी। विद्यार्थियों को हाथ धोने और संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी जायेगी। स्वच्छता अभियान में 24 और 25 सितंबर को स्वच्छता पर केन्द्रित संवाद सत्र आयोजित होंगे। स्वच्छता अभियान में 26 और 27 सितंबर को छात्रावास के सफाई मित्रों के स्वास्थ्य चेकअप और सफाई मित्रों को सफाई से जुड़े उपकरण वितरित किये जायेंगे। अभियान में 28-29 सितंबर को शालाओं और छात्रावासों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित की जायेगी। पेयजल स्त्रोत के स्थानों की सफाई कराई जायेगी। इनमें विद्यार्थियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जायेगी।

अभियान में 30 सितंबर को स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के लिये विद्यार्थी आपस में चर्चा करेंगे। सामूहिक शौचालयों की सफाई कार्य पर विशेष ध्यान दिया जायेगा और इसके महत्व के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी जायेगी। अभियान में एक और 2 अक्टूबर को विद्यालय और छात्रावास परिसर में सामुहिक श्रमदान की गतिविधियाँ होंगी और यह सुनिश्चित किया जायेगा कि जो ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गये है, उनकी सफाई भविष्य में निरंतर बनी रहे। इन्हीं दिनों सफाई पर केन्द्रित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पुरस्कार वितरित किये जायेंगे।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, बुधवार 18 सितम्बर 2024 | 8


विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि आज त्योंथर विधानसभा क्षेत्र की जनता भारी वर्षा के बीच अपने लाड़ले मुख्यमंत्री की चाकघाट में प्रतीक्षा कर रही है। लगातार वर्षा के कारण मुख्यमंत्री कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से शामिल होकर आमजनता से जुड़ रहे हैं।



# इन्वेस्टर्स मीट से विन्ध्य लगाएगा विकास की छलांग : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने 9 माह के कार्यकाल में कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं : उप मुख्यमंत्री, त्योंथर रीवा जिले की नम्बर एक विधानसभा क्षेत्र बनेगा : विधायक त्योंथर

**रीवा।** जिले के त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के चाकघाट में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने समारोह में 33.68 करोड़ के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। भारी वर्षा तथा विपरीत मौसम के कारण मुख्यमंत्री जी समारोह में जबलपुर से वर्चुअली शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल तथा नगरीय विकास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी भी जबलपुर से वर्चुअल माध्यम से समारोह में शामिल हुईं।

चाकघाट में भारी वर्षा के बीच हजारों की भीड़ को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि विन्ध्य विकास की उड़ान भरने के लिए तैयार है। विन्ध्य में विकास के सभी संसाधन उपलब्ध हैं। अगले माह रीवा में मैं इन्वेस्टर्स मीट में आऊंगा। इन्वेस्टर्स मीट से खनिज, पर्यटन और कृषि आधारित उद्योगों में भारी मात्रा में निवेश के साथ हजारों युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। इन्वेस्टर्स मीट विन्ध्य के विकास के लिए छलांग साबित होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा विधानसभा अध्यक्ष रहे स्वर्गीय श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी जी का जन्मदिन और भगवान विश्वकर्मा की जयंती है। इन सभी को नमन करने के लिए मैं चाकघाट आना चाह रहा था, लेकिन लगातार भारी वर्षा ने मुझे चाकघाट नहीं पहुंचने दिया। वर्चुअल माध्यम से त्योंथर की जनता से जुड़कर मुझे बहुत खुशी हो रही है। आज प्रधानमंत्री जी ने प्रदेश के सभी जिलों में जन औषधि केन्द्रों का शुभारंभ किया है। इसके लिए प्रधानमंत्री जी को मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ। जन औषधि केन्द्र से आमजनता को सस्ती गुणवत्तापूर्ण दवाएं मिलेंगी। प्रदेश की लाड़ली बहना हितग्राहियों को रक्षाबंधन पर विशेष उपहार दिया गया था। बहनों तथा युवाओं को स्वरोजगार का अवसर देने के लिए शीघ्र ही नई योजनाएं शुरू की जाएंगी। दूध का उत्पादन बढ़ाने के लिए दूध उत्पादक किसानों को भी बोनस दिया जाएगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य के विकास के लिए हर संभव सहायता दी जाएगी। रीवा में शीघ्र ही एयरपोर्ट का शुभारंभ हो रहा है। इससे उद्योगों के विकास को गति मिलेगी। त्योंथर में पाँच एकड़ जमीन उपलब्ध हो जाने पर स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। लोनी बाँध तथा इसकी नहरों के जीर्णोद्धार के लिए 507 लाख रुपए के प्राक्कलन को मंजूरी दी गई है। इससे 1656 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। त्योंथर बांई नहर लिंक परियोजना के लिए भी राशि मंजूर कर दी गई है। इससे 1400 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। त्योंथर क्षेत्र में 400 एकड़ में औद्योगिक विकास केन्द्र का निर्माण किया जाएगा। ससुराल होने के नाते रीवा से मेरा विशेष नाता है। मुख्यमंत्री ने आमजनता से एक पेड़ माँ के नाम अभियान में पौधे रोपित करने की अपील की तथा आगामी त्यौहारों की शुभकामनाएं दी। समारोह को वर्चुअली संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने 9 माह के छोटे से कार्यकाल में कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। मुख्यमंत्री जी ने रीवा में सिंचाई परियोजनाओं के लिए चार हजार करोड़ रुपए मंजूर किए हैं, जिससे जिले में सिंचाई की सुविधा तीन लाख एकड़ से बढ़कर नौ लाख एकड़ में हो जाएगी। रीवा एयरपोर्ट का शीघ्र ही शुभारंभ होने जा रहा है। मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से सतना जिले में भी शीघ्र ही नर्मदा नदी का पानी पहुंचेगा। चौरा घाटकी बहुप्रतीक्षित सड़क के निर्माण के लिए टेण्डर मंजूर हो गए हैं। इसका निर्माण शीघ्र शुरू होगा। आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का जन्मदिन तथा विश्वकर्मा जयंती मनाई जा रही है। आज ही दादा स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी जी का भी जन्मदिन मनाया जा रहा है। समारोह में विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि आज त्योंथर विधानसभा क्षेत्र की जनता भारी वर्षा के बीच अपने लाड़ले मुख्यमंत्री की चाकघाट में प्रतीक्षा कर रही है। लगातार वर्षा के कारण मुख्यमंत्री जी कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से शामिल होकर आमजनता से जुड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री जी त्योंथर के लिए कई सौगातें देंगे। त्योंथर को रीवा जिले की नम्बर एक विधानसभा बनाया जाएगा। आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का जन्मदिन तथा विन्ध्य के सपूत और मेरे दादा स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी जी का जन्मदिन मनाने के लिए विपरीत मौसम में हजारों लोग एकत्रित हुए हैं। इस आशीर्वाद के लिए मैं त्योंथर की जनता का सदैव ऋणी रहूंगा। समारोह में आभार प्रदर्शन जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ अजय सिंह ने किया। समारोह का संचालन डॉ संदीप पाण्डेय ने किया। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## मऊगंज के प्रभारी मंत्री का सर्किट हाउस में हुआ आत्मीय स्वागत

**रीवा।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री एवं मऊगंज जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल का रीवा सर्किट हाउस राजनिवास पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। तदुपरांत प्रभारी मंत्री मऊगंज जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिये रवाना हुए।

## प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत हितग्राहियों को प्राप्त हुई पहली किश्त

**रीवा।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भुवनेश्वर (उड़ीसा) से सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के खाते में प्रथम किश्त की राशि अंतरित की। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नवीन आवासों के हितग्राहियों को वर्चुअल गृह प्रवेश भी कराया। रीवा जिले के 3590 पूर्ण आवासों में हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। उल्लेखनीय है कि जिले के लिए वर्ष 2024-25 हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10463 आवास का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री जी के वर्चुअल कार्यक्रम का रीवा एवं मऊगंज जिले के जनपद पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों में सीधा प्रसारण देखा एवं सुना गया।

## मुख्यमंत्री ने किया 33.68 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रीवा जिले के चाकघाट में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने वर्चुअल माध्यम से 33 करोड़ 68 लाख 30 हजार रुपए के 13 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने समारोह में केन्द्रीय जेल रीवा में 12 नग बैरक लागत 12 करोड़ एक लाख 50 हजार रुपए, उप जेल त्योंथर में बैरक निर्माण 93 लाख 80 हजार रुपए तथा नगर परिषद चाकघाट में दो करोड़ 18 लाख रुपए की लागत से सड़क एवं नाली निर्माण का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने तीन करोड़ 24 लाख रुपए की लागत से अमृत-2 योजना से बन रही नलजल योजना तथा टमस नदी के किनारे 7 लाख रुपए की लागत से नाला निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया।

वर्चुअल माध्यम से आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण की 5 सड़कों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने देवगांव से पुरवा 3.48 करोड़, रीवा-सेमरिया रोड से बम्हौरी 43 लाख, रीवा-सिरमौर रोड से गरगन टोला 52 लाख, रीवा-मनकहरी रोड से हरिहरपुर 29 लाख एवं दुआरी मोड़ से सच्चा नगर होते हुए रेलवे स्टेशन तक 88 लाख रुपए का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग सेतु द्वारा चौखण्डी कुठिला मार्ग में निर्मित एक करोड़ 79 लाख की लागत के पुल तथा बेदगवां से डोढिया मार्ग में निर्मित दो करोड़ 73 लाख की लागत के पुल का लोकार्पण किया।

## निर्वाचन संबंधी बैठक आज

**रीवा।** मतदान केन्द्रों के युक्ति-युक्तिकरण के प्रस्तावों पर विचार करने तथा मतदाता सूची के पुनरीक्षण के संबंध में 18 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में बैठक आयोजित की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## मुख्यमंत्री ने वर्चुअली किया रीवा में स्वच्छता सेवा अभियान का शुभारंभ

### जिले की 101 ग्राम पंचायतों ने कचरा प्रबंधन के एमओयू पर किए हस्ताक्षर

**रीवा।** पूरे प्रदेश के साथ-साथ रीवा जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। रीवा का जिला स्तरीय समारोह त्योंथर विधानसभा के चाकघाट में मण्डी परिसर में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया। भारी वर्षा तथा विपरीत मौसम के कारण मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जबलपुर से वर्चुअली जुड़कर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर रीवा जिले की 101 ग्राम पंचायतों में स्वसहायता समूहों तथा ग्राम पंचायत के बीच कचरे के संग्रहण और प्रबंधन के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में 500 से अधिक सफाई कर्मियों और स्वच्छताग्रहियों के स्वास्थ्य की जाँच की गई।



इस अवसर पर समारोह में उपस्थित अपार जन समुदाय को वीडियो कान्फ्रेंसिंग से संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी ने समग्र स्वच्छता अभियान चलाकर हर शहर, हर गांव को स्वच्छ रखने का संदेश दिया है। हम सब इस अभियान से जुड़कर अपने नगर और शहर को साफ-सुथरा बनाकर प्रधानमंत्री जी के स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत के सपने को साकार बनाने में योगदान दें। समारोह में वर्चुअल माध्यम से जुड़कर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने भी आमजनता को संबोधित किया। समारोह में विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ अजय सिंह, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। भारी वर्षा के बीच कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## राजस्व एवं विभागीय अधिकारी वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण करें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व अधिकारियों एवं विभागीय प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि जिले में हो रही अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण करें तथा बाढ़ नियंत्रण कक्ष के सतत संपर्क में रहें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अतिवृष्टि के कारण संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों में राहत संबंधी कार्यों की समीक्षा करें तथा तत्संबंध में अवगत करायें। उन्होंने कहा है कि सभी अधिकारी बाढ़ संबंधी सूचनाओं की समीक्षा करते हुए संवेदनशील चिन्हित बाढ़ राहत केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## भाजपा ने देश को समृद्ध और शक्तिशाली बनाया : लखन पटेल

**रीवा।** मऊगंज जिले के प्रभारी मंत्री लाखन पटेल मऊगंज भाजपा कार्यालय पहुंचे जहां पर पार्टी जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मिश्रा की अगुआई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके स्वागत किया एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि पूरे विश्व में नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज शक्तिशाली भारत का उदय हो रहा है भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा ही देश के लिए राजनीति की है और देश को सशक्त और मजबूत करने के लिए काम किया है हम सत्ता के लिए राजनीति नहीं करते बल्कि राजनीति के माध्यम से जनता की सेवा कर उनकी दुख तकलीफों को दूर करने का काम किया है और सामाजिक सरोकार के साथ सबका साथ और सब के विकास के संकल्प को पूरा कर रहे हैं मोदी जी देश को विकसित और समृद्ध साली बना रहे हैं हमें संगठन पर्व को अवसर के रूप में लेना चाहिए और ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने का काम करना चाहिए कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा ने किया उन्होंने मऊगंज जिले के संगठनात्मक स्वरूप की जानकारी देते हुए बताया कि नया जिला होने के बाद भी मऊगंज के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक विजय दिलाने का काम किया हैं।

## प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्रों का हुआ शुभारंभ

**रीवा।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भोपाल से राज्य पाल श्री मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल भी उपस्थित रहे। रीवा के कुशाभाऊ ठाकरे चिकित्सालय में जनऔषधि केन्द्र का शुभारंभ हुआ। उल्लेखनीय है कि भारतीय रेडक्रास सोसायटी रीवा द्वारा जिला चिकित्सालय में प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र का संचालन किया जायेगा। इस केन्द्र के माध्यम से मरीजों को सस्ते दर पर गुणवत्तापूर्ण दवाईयाँ मिलेगीं।

## मऊगंज में प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र का हुआ शुभारंभ




**रीवा।** सिविल अस्पताल मऊगंज में प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री एवं पशु पालन एवं डेयरी मंत्री लखन पटेल उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में जनऔषधि केन्द्र के शुभारंभ कार्यक्रम का भोपाल से सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र जनकल्याणकारी महत्वाकांक्षी योजना है जिसका लाभ मरीजों मिलेगा और वह बाजार में महगें दाम पर मिलने वाली दवाईयों को यहां से सस्ते दाम पर खरीद सकेंगे। श्री पटेल ने योजना के संचालन के लिए मुख्यमंत्री जी को साधुवाद दिया। उन्होंने क्षेत्रीय जनता से इसका लाभ लेने की अपील की। श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश की जनहितैषी सरकार समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए जनकल्याणकारी योजनाऐं संचालित कर रही है जिसका लाभ समाज के अंतिम छोर तक के व्यक्ति को मिल रहा है। इस अवसर पर विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र के माध्यम से मरीजों को सस्ते दर पर गुणवत्तापूर्ण दवाईयाँ मिलेगीं। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा, कलेक्टर अजय श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्रीमती रसना ठाकुर सहित स्थानीय जन उपस्थित रहे।

## राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें : प्रभारी मंत्री

रीवा

प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री एवं मऊगंज जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने कहा है कि मऊगंज जिले में राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। नामांतरण तथा अभिलेख में सुधार के साथ ही नक्शा तरमीम के प्रकरण निराकृत करायें। उन्होंने कहा कि नामांतरण के नये प्रकरणों में नक्शा तरमीम तत्काल किया जाना चाहिए। प्रभारी मंत्री ने जिले में विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों को तत्परता से क्रियान्वित करने के निर्देश भी दिये।



प्रभारी मंत्री ने मऊगंज कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया तथा विभागवार कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करायें। इस महत्वपूर्ण योजना से लोगों को घर में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति होगी। उन्होंने राजस्व प्रकरणों का शिविर लगाकर निपटरा करने के निर्देश बैठक में दिये। किसान सम्मान निधि के लिए छूटे हुए किसानों के ईकेवाइसी अनिवार्य रूप से कराने की बात प्रभारी मंत्री ने कही। उन्होंने सिचाई योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा नईगढ़ी माइक्रो सिचाई योजना तथा सीतापुर, हनुमना लिफ्ट परियोजना में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को सतत विद्युत आपूर्ति के लिए निर्देशित किया। उन्होंने खराब ट्रांसफर्मर को बदलने एवं सुधार कार्य कराने तथा बिजली के बिलों को सुधारने के निर्देश बैठक में दिये।

प्रभारी मंत्री ने पीएचई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नल जल योजनाओं को समय सीमा में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करायें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित के किन्हीं भी कार्यों में विलंब न हो। उन्होंने जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद का भण्डारण रखने के निर्देश दिये। जिससे किसानों को खाद के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत एवं जनपद स्तर पर बैठक कर हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा की जाय ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न हो। श्री पटेल ने सिविल अस्पताल का निर्माण कार्य तेजी से किये जाने के लिए भी निर्देशित किया। प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट भवन एवं पुलिस लाइन के निर्माण कार्यों सहित जिले के अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक में सांसद रीवा श्री जनार्दन मिश्र, विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र मिश्रा, कलेक्टर अजय श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक रसना ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर कमलेश पुरी सहित नगर परिषद के अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, एसडीएम एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833